



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक


# श्रीकंचनपथ


लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 170 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 4 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### आईपीएल में आजः वॉर्नर की दिल्ली के सामने हार्दिक का गुजरात

**नई दिल्ली।** आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच शाम 7.30 बजे नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैच होगा। मौजूदा सीजन में यह दिल्ली का पहला मुकाबला है। गुजरात ने अपने पिछले तीनों मैच जीते हैं। दोनों टीम आईपीएल में एक ही बार आमने-सामने आई हैं। जिसे गुजरात टाइटंस ने 14 रन से जीता था। दिल्ली के मुस्तफिजुर रहमान टीम से जुड़ चुके हैं। दिल्ली कैपिटल्स का अपने घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड कुछ खास नहीं है। टीम ने 70 मैच में से 30 जीते हैं और 38 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। आखिरी बार टीम यहां 2019 में खेली थी। गुजरात पहली बार दिल्ली में खेलेगी।



### कुम्हारी में ज्वेलरी व बर्तन दुकान में चोरी, सोना चांदी के जेवर सहित बर्तन ले भागे चोर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में बीती रात यहां के धनीराम ज्वेलर्स व बर्तन दुकान में चोरी हो गई। सुबह दुकान का शटर एक ओर से उठा हुआ देखा गया तो संचालक को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दुकान संचालक ने कुम्हारी पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना कुम्हारी मुख्य बाजार की है। यहां स्थित धनीराम ज्वेलर्स में चोरों ने धावा बोला। इस दुकान में ज्वेलरी के साथ ही बर्तन का भी व्यापार होता है। दुकान के संचालक को मंगलवार सुबह पता चला। दुकान पहुंचा तो देखा तो शटर एक ओर से उठा हुआ था। दुकान के अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। बताया जा रहा है कि दुकान से लगभग एक से डेढ़ किलो चांदी पार हो गया है। फिलहाल मामले में सुपेला पुलिस जांच कर रही है। चोरी का वास्तिबक आंकड़ा जांच के बाद ही सामने आ पाएगा।

देश में फिर से डरा रहा कोरोना.........

## देश में 3038 नए केस, छत्तीसगढ़ के हॉस्टल में 19 छात्राएं संक्रमित


- धमतरी जिले के नगरी के हॉस्टल मे रहती हैं छात्राएं, सभी को किया गया क्वारेंटाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 3038 नए केस सामने आए हैं। अलग-अलग राज्यों से मिलने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। छत्तीसगढ़ में भी कोरोना के मामलों में तेजी देखी जा रही है। इसी बीच अब धमतरी जिले में फिर कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां करीब 19 छात्राएं इस वायरस से संक्रमित मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार ये सभी छात्राएं जिले के नगरी गर्ल्स हॉस्टल में रहती है। सभी को अब छात्रावास में ही क्वॉरेंटाइन किया गयाहै। इतनी बड़ी संख्या में कोरोना मरीज मिलने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। इसी के साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। लिहाजा अब स्वास्थ्य विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ में बीते 24 घण्टे में 532 सैंपलों की जांच हुई। 22 नए पॉजिटिव मरीज पाए गए। छत्तीसगढ़ में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 113 है। इन सभी मरीजों का इलाज जारी है।

वहीं देशभर की बात करें तो बीते 24 घंटे 2069 लोग इस बीमारी से ठीक हुए हैं, जबकि 9 मरीजों की मौत हुई है।



### एक माह में एक्टिव केस में 7 गुना बढ़ोत्तरी

नए केस में बढ़ोतरी के चलते पिछले एक महीने में एक्टिव केस में भी साढ़े 7 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 3 मार्च को एक्टिव मरीजों की संख्या 2 हजार 686 थी, जो सोमवार को बढ़कर 21 हजार 179 हो गई है। यह संख्या अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा है। इससे पहले 23 अक्टूबर को एक्टिव केस 20 हजार 601 थे।

### 40 दिन में 2 हजार से 20 हजार हुए एक्टिव केस

22 फरवरी को देश में सिर्फ 2 हजार एक्टिव केस थे, जो 2 अप्रैल को 20 हजार से ज्यादा हो गए। यानी सिर्फ 40 दिन में कोरोना के एक्टिव केस में 900त्न का इजाफा हो गया है। कल यानी सोमवार को एक्टिव केस 21 हजार से ज्यादा हो गए।

### टॉप-5 राज्यों में दो-तिहाई नए केस, केरल सबसे आगे

देश में सोमवार को मिले 3038 नए केस में से 2054 सिर्फ 5 राज्यों में मिले हैं। इनमें केरल सबसे आगे हैं। यहां 964 केस मिले हैं। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में 318, दिल्ली में 293, महाराष्ट्र में 248 और गुजरात में 231 केस शामिल हैं। यह आंकड़े डराने वाले हैं।

पिछले एक महीने नए केस में 9 गुना बढ़ोतरी हुई है। 3 मार्च को 334 नए केस सामने आए थे, जबकि 29 मार्च के बाद से रोजाना 3 हजार से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि देश में कोविड के नए मामलों में बढ़ोतर के लिए कोरोना के नए वैरिएंट XBB 1.16 जिम्मेवार है। दिल्ली के एक सीनियर डॉक्टर डॉ. संदीप नायर ने कहा- कोरोना का यह जो स्ट्रेन आया है, उसने ज्यादा गंभीर रूप धारण नहीं किया है। कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है लेकिन लोगों में हल्के लक्षण देखें गए हैं, ज्यादातर लोग घर में ही दवाई लेकर ठीक हो रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ में शौक के लिए किया भालू के शावक का शिकार, दो आरोपी गिरफ्तार

- कांकेर जिले के जंगल में हुआ शिकार

श्रीकंचनथ न्यूज

**कांकेर।** कांकेर जिले के दुधावा क्षेत्र के जंगल में भालू के शावक का शिकार करने वाले 2 आरोपियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से भालू के शावक का शव बरामद किया गया है। मामला नरहरपुर थाना अंतर्गत दुधावा चौकी इलाके का है।

आरोपियों ने तीर-कमान से भालू के शावक का शिकार किया है। वे उसे जंगल से लेकर निकल रहे थे, तभी ड्यूटी पर तैनात वन विभाग के कर्मचारी की नजर



आरोपियों पर पड़ गई, जिसके बाद आरोपी भालू के शावक के शव को छोड़कर भाग निकले, लेकिन वन अमले ने उन्हें पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात दो ग्रामीण तिजू और तिहारू दुधावा क्षेत्र के जंगल में शिकार के लिए गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक मादा भालू अपने 2 शावकों के साथ घूम रही है। उन्होंने इनमें से एक शावक पर तीर-कमान से वार कर दिया। 8 माह के शावक को 4 तीर लगे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद दोनों शिकारी उसके शव को लकड़ी से बांधकर अपने साथ ले जा रहे थे, लेकिन वन विभाग के एक कर्मचारी की नजर उन पर पड़ गई। वनकर्मी को देख दोनों शव को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। दोनों की शिनाख्त धमतरी जिले के कोरमूड गांव के निवासी तीजू और तिहारू के रूप में हुई। इसके बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर गांव में दबिश दी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### सांकरा में अवैध डेयरी पर एसडीएम ने की कार्रवाई

**भिलाई।** दुर्ग जिले के सांकरा में सोमवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम विपुल गुप्ता ने यहां चल रहे अवेध डेयरी पर कार्रवाई करते हुए पूरा निर्माण ढहा दिया। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई । यह कार्रवाई कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के निर्देश पर की गई। कुछ दिन पहले रीपा के शुभारंभ के दौरान सांकरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा से अतिक्रमण कर डेयरी संचलन की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम विपुल गुप्ता को कार्रवारई करने कहा।

### हुगली में फिर हिंसा, रिसड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर पथरावः तीन घंटे बंद रही ट्रेनें

- गवर्नर ने किया दार्जिलिंग दौरा रद्द

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। हुगली के रिसड़ा इलाके में सोमवार देर रात रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव हुआ। पूर्वी रेलवे के मुख्य क्क्रह्र कौशिक मित्रा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात 10 बजे से 1 बजे तक हावड़ा-बैंडल रूट पर सभी लोकल, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया।

घटना के बाद रिसड़ा स्टेशन के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। वहीं, हुगली में हिंसा के बाद राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने दार्जिलिंग का अपना प्रोग्राम रद्द कर दिया है और कोलकाता के लिए रवाना हो गए। वे यहां से सीधे रिसड़ा पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया। बोस ने कहा- उपद्रवियों को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। सभी एजेंसियों और पुलिस फोर्स अपना काम कर रही हैं। बंगाल लंबे समय से ऐसी घटनाओं से पीड़ित है, हम इसका अंत करेंगे।

## आतंकी ग्रुप रेजिस्टेंस फ्रंट ने दी कश्मीर के RRS लीडर्स को धमकी, कहा खून बहा देंगे

**श्रीनगर।** आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। भागवत के इसी बयान पर आतंकियों ने धमकी दी है। आतंकी ग्रुप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के संघ नेताओं को धमकी दी है। रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 लीडर्स के नामों की लिस्ट जारी की है।

आतंकी ग्रुप की यह धमकी संघ प्रमुख मोहन भागवत के 1 अप्रैल को दिए गए बयान के बाद आई है। भागवत ने कहा था- आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। अखंड भारत एक सच था और बंटा हुआ भारत एक बुरा सपना।

भागवत ने कहा था कि अखंड भारत यानी अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और तिब्बत यह एक साथ थे। बंटा हुआ भारत बुरा सपना है। ये 1947 के पहले का भारत था। जो लोग जिद के चलते भारत से अलग हुए, क्या वे खुश हैं? वहां आज दर्द है।

## पिता ने कुल्हाड़ी से वारकर की दो बेटियों की हत्या

- आधी रात के बाद सो रहे परिवार पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नागौर।** एक सिरफिरे पिता ने घर पर सो रही अपनी दो बेटियों व पत्नी के साथ नाती पर कुल्हाडी से वार कर दिया। सोमवार आधीरात के बाद हुए इस कांड में दो बेटियों की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी व नाती को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल दहला देने वाला यह हत्याकांड राजस्थान के नागौर जिले के परबतसर थाना इलाके के



दिलढाणी का है। सोमवार आधी रात के बाद लगभग 2 बजे की यह घटना है। मंगलवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना को लेकर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनाराम (57) ने इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि मनाराम की छोटी बेटी रेखा (20) की बड़ू में शादी हुई और उसे मंगलवार की सुबह ससुराल के लिए रवाना होना था। घर पर खुशियों का माहौल था और रेखा की विदाई के लिए मनाराम की बड़ी बेटी मीरा (26) अपने 7 साल के बेटे प्रिंस के साथ मायके पहुंची हुई थी। सोमवार रात को पूरा परिवार तैयारी कर सो गया था।

आधीरात के बाद लगभग दो बजे मनाराम उठा और कुल्हाड़ी उठाई और दोनों बेटियों के साथ पत्नी केसर व नाती प्रिंस पर वार कर दिया। इस वार में दोनों बेटियों रेखा और मीरा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसकी पत्नी केसर और प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। पास पड़ोस के लोग उसी समय घर पहुंच गए। इस दौरान घायलो को अजमेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनाराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के

बढ़ते कदम....



LED SCREEN

के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए

संपर्क करें

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित

पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026



॥ जय श्री सीताराम ॥ ॥ श्री हनुमते नमः ॥ ॥ जय श्री सीताराम ॥

आमंत्रण

श्री हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन एवं विशाल भण्डारा



दिनांक 6 अप्रैल 2023, दिन गुरूवार

हनुमत पूर्ण करें सब आशा ।
मन प्रशन्न हो मिटै निराशा ।।

मान्यवर,

अत्यन्त ही हर्ष के साथ आप सभी नगर वासियों को सूचित किया जा रहा है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री पवन पुत्र श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव का भव्य आयोजन चैत्र पूर्णिमा दिनांक 6-4-2023 दिन गुरुवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। अतः सभी श्रद्धालु भक्तों से विनम्र निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्री हनुमान जी का दर्शन लाभ लेकर पुण्य का भागीदार बनें।

धन्यवाद !

कार्यक्रम

दिनांक 5 अप्रैल 2023, दिन बुधवार
प्रातः 8 बजे से श्री रामचरित मानस का पाठ प्रारम्भ,
दिनांक 6 अप्रैल 2023, दिन गुरुवार
प्रातः 4 बजे श्री हनुमान जी महाराज का अभिषेक,
श्री रामचरित मानस पाठ का समापन ( यज्ञ ) हवन
पश्चात महाआरती,महाभोग, भण्डारा।।

स्थान - श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर ( शत्रुहन्ता )
सेक्टर-6, सी-मार्केट, भिलाई नगर ( छ.ग. )

## संपादकीय

### राहुल को कुछ राहत

सूरत में एक सत्र अदालत में राहुल गांधी को मिली जमानत पर स्वाभाविक ही सबका ध्यान जाएगा और इसके राजनीतिक निहितार्थ भी तलाशे जाएंगे। राहुल गांधी को सूरत की एक निचली अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी और उसके बाद उनकी संसद सदस्यता चली गई। अब यह देश भर में बहस का मुद्दा है। शुरू में तो ऐसा लग रहा था कि इस मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कतई नहीं झुकेंगे या माफी नहीं मांगेंगे। वैसे सत्ता पक्ष में भी ऐसे लोग हैं, जो चाहते हैं कि राहुल गांधी सजा के खिलाफ अपील करें, उनकी सजा समाप्त हो और संसद में वायनाड सांसद के रूप में उनकी वापसी हो। बड़ी संख्या में ऐसे राजनेता हैं, जो इसे ज्यादा बड़ा अपराध नहीं मानते हैं। हालांकि, एक जमात ऐसी भी है, जो राहुल गांधी को संसद या मुख्यधारा की राजनीति में सक्रिय देखना नहीं चाहती है। किसी विपक्षी नेता के खिलाफ ऐसी राजनीति पर चौंकना नहीं चाहिए। अनेक बड़े नेता यह भी मानते रहे हैं कि राजनीति में क्या सही और क्या गलत? राहुल गांधी को अगर मुकाबले में टिके रहना है, तो संघर्ष करना ही होगा।

> अकेले कांग्रेस की ताकत से बात नहीं बनने वाली, यह देखना भी खास होगा कि अभी कितने विपक्षी दल कांग्रेस के साथ खड़े हैं। बहरहाल, 13 अप्रैल तक के लिए राहुल गांधी को जमानत मिल गई है। अब उनको जहां जमानत को कायम रखने के लिए जूझना होगा, वहीं सजा रद्द करवाने के मोर्चे पर भी पूरी विधि-सम्मत तैयारी का परिचय देना होगा।

सूरत के सत्र न्यायालय में जिस तरह से कांग्रेस ने अपील की है, उससे यही लगता है कि कांग्रेस सतर्क है। इसमें कोई शक नहीं, पहले कांग्रेस इस विवाद को लेकर सतर्क नहीं थी और उसकी कानूनी तैयारियों में भी कमी थी। अभी लोकसभा चुनाव में साल भर का समय है और अगर कांग्रेस अभी से हार मानने लगेगी, तो उसे चुनाव में बहुत नुकसान होगा। इस देश में ज्यादातर लोग ताकत के ही पक्षधर होते हैं। यह गौर करने की बात है कि राहुल गांधी के साथ बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और तीन पार्टी शासित राज्यों- राजस्थान (अशोक गहलोत), छत्तीसगढ़ (भूपेश बघेल) और हिमाचल (सुखविंदर सिंह सुक्खू) के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। सूरत में कांग्रेस ने अपनी मजबूती का एहसास करा दिया। हालांकि, अकेले कांग्रेस की ताकत से बात नहीं बनने वाली, यह देखना भी खास होगा कि अभी कितने विपक्षी दल कांग्रेस के साथ खड़े हैं। बहरहाल, 13 अप्रैल तक के लिए राहुल गांधी को जमानत मिल गई है। अब उनको जहां जमानत को कायम रखने के लिए जूझना होगा, वहीं सजा रद्द करवाने के मोर्चे पर भी पूरी विधि-सम्मत तैयारी का परिचय देना होगा। अगर माफी की नौबत आए, तो मांगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए, क्योंकि आठ साल के लिए चुनाव लड़ने से वंचित रहना ज्यादा नुकसानदायक है। अगर बिना माफी मांगे, तर्क और तथ्य से राहुल गांधी अदालत में सजा से बरी हो सकते हैं, तो यह कांग्रेस के लिए ज्यादा बेहतर होगा। राहुल गांधी की कानूनी टीम की निगरानी कर रहे कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद अभिषेक सिंघवी ने कहा भी है कि 'हमें विश्वास है कि अपील अदालत ट्रायल कोर्ट की त्रुटियों पर गौर करेगी और तेजी से न्याय करेगी'। चुनाव के समय इस देश में जाति, समूह, नस्ल को लेकर बहुत कुछ गलत कहा जाता है, पर राहुल गांधी का मामला हर नेता के लिए सबक है। ऊपरी अदालतें भी अगर इस मामले में राहुल गांधी की सजा को कायम रखती हैं, तो इससे देश की राजनीति का चरित्र बदल जाएगा और आगे नेता बहुत सोच-समझकर ही अपने विरोधियों को निशाना बनाएंगे। यह ध्वनि भी देश में नहीं जानी चाहिए कि केवल विपक्षी नेताओं के बड़बोलेपन पर ही अंकुश लगाया जा रहा है। संविधान की रोशनी में फैसला जो भी हो, सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए।

## मनरेगा मजदूरी का सवाल

जरूरी यह है कि मनरेगा मजदूरी हो या न्यूनतम मजदूरी, उसे मुद्रास्फीति के इंडेक्स से जोड़ा जाए। तभी शहर से गांवों तक में श्रमिक वर्ग के उपभोग के स्तर को बनाए रखा जा सकेगा, जो आम अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए भी जरूरी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) मौजूदा सरकार की कभी प्राथमिकता नहीं रहा। लेकिन ग्रामीण समाज की हकीकत ऐसी है कि सरकार ना तो इसे उगल पाती है या ना निगल पाती है। कोरोना काल में यह आम तजुर्बा रहा कि यह योजना गरीबों के लिए सबसे बड़ा सहारा साबित हुई। उसके बाद इस कानून को नजरअंदाज करना संभव नहीं रह गया है। तो सरकार ने आखिरकार मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने का फैसला लेना पड़ा है। बहरहाल, एक मुद्दा अभी भी अनसुलझा है। अलग-अलग राज्यों में मजदूरी की दर में असमानता कायम है। सवाल यह है कि आखिर एक ही योजना में काम करने वालों को समान मजदूरी क्यों नहीं मिलती? मनरेगा के तहत अगले वित्त वर्ष 2023-24 में दिहाड़ी बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। वेतन में सात रुपए से लेकर 26 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। यानी दिहाड़ी में वेतन वृद्धि दो से दस प्रतिशत तक होगी। ये नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। इस बढ़ोत्तरी के बाद हरियाणा में उच्चतम मजदूरी दर 357 रुपए प्रतिदिन होगी।

दूसरी ओर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे कम दैनिक मजदूरी दर 221 रुपए है। वहीं राजस्थान में वर्तमान मजदूरी दर की तुलना में अधिकतम 10.39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और गोवा में सबसे कम 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वैसे जब से मनरेगा शुरू हुआ है, मजदूरी की दर अलग-अलग रही है। इसका कारण यह बताया जाता है कि भारत के अलग-अलग राज्यों में जीवन-यापन की लागत अलग-अलग होती है। यानी जो खर्च दिल्ली में होता है, वह बिहार में नहीं होता। इस वजह से हर राज्य में दिहाड़ी भी अलग-अलग रखी जाती है। यह बात अपने-आप में ठीक है। लेकिन गुजरे एक वर्ष में जिस रूप में महंगाई बढ़ी है, क्या उसकी दर भी अलग-अलग रही है? जरूरत इस बात की है कि मनरेगा की मजदूरी हो या न्यूनतम मजदूरी, उसे मुद्रास्फीति के इंडेक्स से जोड़ा जाए। तभी शहर से गांवों तक में श्रमिक वर्ग के उपभोग के स्तर को बनाए रखा जा सकेगा, जो आम अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए भी जरूरी है।

## सिद्धू का कांग्रेस क्या करेगी ?

नवजोत सिंह सिद्धू की पंजाब के पटियाला जेल से रिहाई हो गई है। करीब तीन दशक पुराने एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनको एक साल की सजा सुनाई थी। सजा पूरी होने से 49 दिन पहले उनकी रिहाई हो गई है। अब लाख टके का सवाल है कि कांग्रेस पार्टी उनका क्या करेगी? सिद्धू की राजनीति के चलते पंजाब में कांग्रेस को खासा नुकसान हुआ। उनकी पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह से नहीं बनी और बाद में चरणजीत सिंह चन्नी से भी नहीं बनी। वे अपने को पंजाब कांग्रेस का सबसे मजबूत सत्ता केंद्र मानते रहे क्योंकि उनको प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी का समर्थन था। लेकिन समय का चक्र ऐसा घूमा कि वे विधानसभा का चुनाव हार गए और फिर जेल जाना पड़ा। अब जबकि वे जेल से छूट गए हैं तो उनकी उपयोगिता को लेकर चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अब भी उनके प्रति सद्भाव रखते हैं। तभी जब 26 जनवरी को उनकी रिहाई की चर्चा हुई थी तब राहुल गांधी ने श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में उनको न्योता दिया था। हालांकि तब उनकी रिहाई नहीं हो सकी थी। कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि सिद्धू की लोकप्रियता अब भी कायम है और उनकी जैसी वक्तृता वाला नेता भी कांग्रेस के पास नहीं है। लेकिन मुश्किल यह है कि मौजूदा अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के साथ सिद्धू कैसे काम करेंगे? वे अपनी स्वतंत्र राजनीति करना चाहेंगे। सो, अगले कुछ दिन तक सिद्धू की राजनीति पर नजर रखने की जरूरत है।

> अतीक को मिली अदालती सजा के बहाने हमें इन्हीं प्रश्नों से दो चार होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के समाजवादी नेता मोहन सिंह ने एक बार मुझे बिहार के एक चुनाव का किस्सा सुनाया था, जिसमें जब वह और मधु लिमये मतदान के दिन दोपहर में एक गांव के मतदान केंद्र पर पहुंचे, तो उन्हें गांव के बाहर ही रोक दिया गया कि अब अंदर जाने से कोई फायदा नहीं, मतदान तो खत्म हो गया है।

# सभ्य समाज के लिए कीजिए निवेश

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



अहमदाबाद की साबरमती जेल से प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल तक का हजार किलोमीटर से अधिक और चार राज्यों में फैला वह सफर किसी भी अर्थ में विशिष्ट था। उत्सुक उत्तेजना से पूरे देश में इस यात्रा को देखा गया। माफिया गैंगस्टर अतीक अहमद की चार दशकों की अपराध यात्रा में पहली बार एक ऐसा पड़ाव आने जा रहा था, जहां अकल्पनीय-सी स्थिति संभव हो सकती थी। यह संभावना बन रही थी कि उसके खिलाफ दर्ज सौ से अधिक मुकदमों में से एक में उसे कानून-कायदे के अंतर्गत अदालती कार्यवाही के बाद सजा मिल सकती है। पुराने इलाहाबाद और आज के प्रयागराज के सामान्य नागरिक यह विश्वास ही नहीं कर पा रहे थे कि न्याय देने वाली हमारी सामान्य व्यवस्था अतीक को सजा दे सकती है और इसलिए बहुत से लोग कामना कर रहे थे कि उसको लाने वाली गाड़ी पलट जाए या और किसी दूसरे गैर-कानूनी तरीके से पुलिस ही उसे दंडित कर दे।

साबरमती-नैनी-साबरमती की तीन दिनों की यात्रा के दौरान देश का मीडिया खास तौर से इलेक्ट्रॉनिक सनसनीखेज सूचनाओं और सदिच्छाओं से लबरेज था। इन सबके बीच वह जरूरी विमर्श कहीं गायब हो गया था, जिसमें कुछ जरूरी प्रश्न उठाए जा सकते थे। पहला सवाल तो यही होना चाहिए था कि कैसे एक अपराधी इतना ताकतवर हो जाता है कि उसके सामने राज्य की न्याय दिलाने वाली सारी संस्थाएं बौनी हो जाती हैं? इसी से जुड़ा दूसरा प्रश्न होगा कि किसी सभ्य समाज में क्यों कर ऐसा संभव हुआ कि जनता पुलिस को जज और जल्लाद की भूमिका में देखकर खुश हो जाती है? कैसे संवेदनशील समझे जाने वाले मीडिया के लोग, बर्बर मृत्यु की आशंका दिखाकर पुलिस हिरासत में मौजूद व्यक्ति से भले ही वह अपराधी क्यों न हो, चेहरे पर कुटिल मुस्कान लिए पूछ सकते हैं, क्या डर लग रहा है?

अतीक को मिली अदालती सजा के बहाने हमें इन्हीं प्रश्नों से दो चार होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के समाजवादी नेता मोहन सिंह ने एक बार मुझे बिहार के एक चुनाव का किस्सा सुनाया था, जिसमें जब वह और मधु लिमये मतदान के दिन दोपहर में एक गांव के मतदान केंद्र पर पहुंचे, तो उन्हें गांव के बाहर ही रोक दिया गया कि अब अंदर जाने से कोई फायदा नहीं, मतदान तो खत्म हो गया है। अभी मतदान खत्म होने में घंटों बाकी थे, लेकिन अपराधियों की मदद से एक उम्मीदवार ने बूथ कैप्चर कर सारे वोट हासिल कर लिए थे। पिछली सदी में नब्बे के दशक में शेषन का दौर आने के पहले तक बूथ लूट एक सामान्य परिघटना थी और मुख्यधारा के किसी भी राजनीतिक दल को उससे परहेज नहीं था। यही वह समय था, जब बाहुबलियों को समझ में आया कि यदि वे दूसरों को बूथ कब्जा करके जिता सकते हैं, तो फिर खुद के लिए जीत क्यों नहीं हासिल कर सकते? नब्बे के दशक में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक शब्दावली में एक प्रयोग जुड़ा कि जो जीत सकता है, उसे टिकट दिया जाए और इसमें किसी दल ने परहेज नहीं किया।

यह देखना दिलचस्प था कि अतीक अहमद से जुड़ी बहसों में अलग-अलग दलों के प्रवक्ता यही साबित करने में जुटे थे कि उनकी कमीज दूसरों के मुकाबले ज्यादा सफेद है, जबकि सबके कपड़ों पर एक जैसे दाग थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक बाहुबली का किस्सा तो खासा मजेदार है, जो प्रदेश के चारों प्रमुख दलों के टिकट पर चुनाव लड़ चुका है और तीन का लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व भी कर चुका है। खुद अतीक की दो मुख्य प्रतिद्वंद्वी दलों में समय-समय पर आवाजाही रही है।

अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण पहला मुद्दा है, जिस पर गंभीरता से बहस होनी चाहिए। दूसरा जरूरी मुद्दा हमारी न्यायिक प्रणाली की असहायता का है। चार दशकों में फैली अतीक की अपराध यात्रा में पहली बार अदालती निर्णय के चलते पूर्णविराम लगा है। न सिर्फ समाज के लिए, बल्कि खुद उसके लिए भी बेहतर रहा होता कि उसे 1980 के दशक में ही सजा मिल जाती और वह अपराध की उस तिलिस्मी दुनिया से बच जाता, जिसमें एक बार प्रवेश करने के बाद निकलना लगभग नामुमकिन ही है। क्या यह कारुणिक नहीं लगता कि अपराध के रास्ते करोड़ों की संपत्ति बटोरने के बावजूद आज उसके परिवार के सारे बालिग सदस्य जेल में हैं या फरारी में मारे-मारे घूम रहे हैं और दो नाबालिग बच्चे अनाथालयों में भटक रहे हैं? जिस मुकदमे में उसे सजा मिली, उसके निर्णीत होने में 17 साल लग गए और यह भी तभी संभव हो सका, जब लखनऊ में एक राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई दी। इसके पहले तो उसके खिलाफ दर्जनों मुकदमों में गवाह पलट चुके थे, कई सरकार ने वापस ले लिए थे और बहुतों में कानूनी दांवपेच से लंबी तारीखें लग रही थीं।

अदालतों में देरी का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा वह अविश्वास होता है, जो जनता के मन में पनपता है। लोग मानने लगते हैं कि अपराधियों को अदालतें सजा नहीं दे सकतीं, इसलिए बेहतर है कि पुलिस ही उन्हें मार डाले या उनके हाथ-पैर तोड़ दे। किसी सभ्य समाज के लिए यह एक शर्मनाक और अस्वीकार्य स्थिति हो सकती है, पर हमारे यहां इसे सामाजिक स्वीकृति मिल चुकी है। देश भर से इसके उदाहरण दिए जा सकते हैं, पर यहां हैदराबाद की एक ही घटना का उल्लेख काफी है। कुछ वर्ष पूर्व एक महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में अपराधियों को पकड़ लिया, पर हद तो तब हुई, जब उन्हें जेल से निकालकर उसी घटनास्थल पर ले जाकर पुलिस द्वारा गोली मार दी गई। इन हत्यारे पुलिसकर्मियों पर पुष्प वर्षा कर जनता ने उनका अभिनंदन किया। क्या यह अच्छा नहीं होता कि अदालतों को सक्षम बनाकर अपराधियों को साल भर के अंदर मृत्यु दंड दिलवाया जाता?

आज हम विश्वस्तरीय सड़कें, हवाई अड्डे या रेलवे बनाने की बात कर रहे हैं, क्या हमें विश्वस्तरीय अदालतें, पुलिस या जेलें बनाने की नहीं सोचना चाहिए? उनके लिए भी वैसे ही संसाधन झोंकने होंगे, जैसे आधारभूत ढांचों के निर्माण में हो रहा है। अगर हमें कानून-कायदे से चलने वाला सभ्य समाज बनना है, तो यह व्यय करना ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


# इस साल नई ऊंचाई छुएंगे भारत-अमेरिका रिश्ते

फ्रैंक एफइस्लाम, अमेरिकी उद्यमी व समाजसेवी

इस साल के शुरुआती महीने संकेत दे रहे हैं कि साल 2023 भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से काफी फलदायक होने जा रहा है। फरवरी में एअर इंडिया ने बोइंग के साथ 220 विमानों के अधिग्रहण संबंधी सौदे की घोषणा करके सुर्खियां बटोरीं, तो लगभग उसी समय, यह बात भी सामने आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस गरमी के अंत में व्हाइट हाउस की अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए वाशिंगटन आ सकते हैं। बीते मार्च महीने में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे, जहां वह ऑटो में बैठकर अमेरिकी दूतावास गए।

निस्संदेह, भारत और अमेरिका के रिश्ते को एअर इंडिया-बोइंग समझौते ने एक नई ऊर्जा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वैलेंटाइन डे के दिन इस सौदे की घोषणा करते हुए कहा था, इस खरीद से अमेरिकियों के लिए 44 राज्यों में 10 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे अब तक का सबसे बड़ा वाणिज्यिक विमानन ऑर्डर माना जा रहा है, जिसके तहत 34 अरब डॉलर का लेन-देन हो सकता है। व्हाइट हाउस से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जो बाइडन ने यह भी कहा कि अमेरिका और भारत के बीच मजबूत होते आर्थिक रिश्ते का यह एलान है।

अमेरिका की नजरों से देखें, तो एअर इंडिया-बोइंग सौदा स्पष्ट कर रहा है कि भारत में अमेरिकियों का दशकों पुराना निवेश अब रंग ला रहा है। भारत की क्षमता को पहचानते हुए 1990 के दशक से अमेरिकी सरकार और वहां के कारोबारी यहां निवेश करते रहे हैं। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में यह निवेश जिस तरह से दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा, उतनी सफलता कई अन्य क्षेत्रों में उम्मीद के बावजूद नहीं मिल सकी। मसलन, साल 2008 में ऐतिहासिक अमेरिका-भारत



असैन्य परमाणु समझौता होने के बाद वाशिंगटन को उम्मीद थी कि इससे भारत में अमेरिकी कंपनियों का कारोबारी विस्तार होगा, लेकिन व्यापारिक और राजनीतिक कारणों से ऐसा नहीं हो सका। इसी तरह, वाशिंगटन की एक चिंता यह भी रही है कि भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए रूस और यूरोपीय देशों पर अत्यधिक निर्भर है।

ऐसे में, एअर इंडिया-बोइंग समझौता विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में, अमेरिकी कारोबारियों को भारत के प्रति और उत्साहित करेगा। इस सौदे से द्विपक्षीय रिश्ते को नई ऊंचाई मिल सकेगी। दुनिया की शीर्ष (अमेरिका) और पांचवीं बड़ी (भारत) अर्थव्यवस्थाओं के बीच पिछले साल 133 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था। हालांकि, यह द्विपक्षीय व्यापार के लिहाज से रिकॉर्ड था, क्योंकि 2021 में दोनों देशों ने आपस में 113 अरब डॉलर का कारोबार किया था, मगर यह अमेरिका द्वारा किए जाने वाले वैश्विक व्यापार का महज 1.8 फीसदी हिस्सा है। अमेरिका इससे करीब नौ गुना अधिक कारोबार चीन से करता है। फिर भी, एअर इंडिया समझौते के कूटनीतिक निहितार्थ हैं।

जब यह समझौता तय होने के अपने आखिरी चरण में था, लगभग उसी वक्त अमेरिका और भारत सरकार के अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा को अंतिम रूप देने में व्यस्त थे। 2009 के बाद किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर एंटोनी ब्लिंकन ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस बाबत बातचीत भी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही सिर्फ अमेरिका नहीं जा रहे, उम्मीद है कि राष्ट्रपति जो बाइडन भी जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए सितंबर में भारत आ सकते हैं। कमांडर-इन-चीफके रूप में जो बाइडन की यह पहली भारत यात्रा होगी। इन सबके अलावा, वर्ष के आखिरी दिनों में, अमेरिका और भारत दुबई में होने वाले 28वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मलेन में भी एक साथ शिरकत करेंगे।

जाहिर है, इन सबसे दोनों देशों के आपसी रिश्ते एक नई ऊंचाई को छू सकेंगे। हालांकि, अगले साल भारत और अमेरिका, दोनों देशों में आम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, देखने वाली बात यह भी होगी कि इस साल के सकारात्मक बदलाव आगामी वर्षों में द्विपक्षीय रिश्तों को किस तरह प्रभावित करेंगे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बेरोजगारी दूर करने का दमखम है कृषि में

देविंदर शर्मा

कोरोना महामारी के दौरान जिस तरह देश ने प्रवासी मजदूरों का घर-वापसी पलायन देखा, उसके बाद आई आवधिक श्रमिक बल सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि खेत मजदूरों की संख्या में 3 फीसदी का इजाफा हुआ है, यह गिनती वर्ष 2018-19 में 42.5 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 45.5 फीसदी हो गई। जिस कृषि क्षेत्र को इन तमाम सालों में जान-बूझकर दीन-हीन बनाकर रखा गया है, वह आज भी 40.66 लाख करोड़ रुपये मूल्य का सकल मूल्य संवर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए) की कूवत रखता है। यह आंकड़ा इस क्षेत्र की मजबूती और लचीलापन दर्शाता है। और कुछ नहीं, अगर कृषि क्षेत्र में सिर्फ मूल्य समानता ही बना दी जाए अर्थात् उच्चतर कीमत की गारंटी, तो कृषि क्षेत्र कहीं ज्यादा बेहतर कर दिखाए, उत्पादन और मूल्य-संवर्धन, दोनों में।

कृषि उत्पाद की कीमतें नीचे रखने की वजह से जाहिर है कृषि क्षेत्र से होने वाली आय कम दिखाई देती है। इस तथ्य को स्वीकार करने की बजाय बड़ी चालाकी से यह दलील देकर आभास दिया जाता है 'चूंकि देश की कुल आय में कृषि क्षेत्र का हिस्सा केवल 19 प्रतिशत है, इसलिए जो बोझ इसको जिलाए रखने में ढोना पड़ रहा है, उसमें खासी कटौती की जानी चाहिए।' विद्रूपता भरी यह दलील पुरानी पड़ चुकी आर्थिक सोच का दोहराव है, जो किसानों को खेती से बाहर धकेलने को आमादा है। मुख्यधारा के अर्थशास्त्री उस वैश्विक आर्थिक साजिश को आगे बढ़ाए रखना जारी रखे हुए हैं जो कृषि की बलि चढ़ाने को आतुर है ताकि आर्थिक सुधारों को व्यवहार्य बनाया जा सके। इसे बदलना ही होगा।



आइए पहले ग्रॉस वैल्यू ऑफ आउटपुट (जीवीओ यानी सकल उत्पादन मूल्य) को समझें। अगर किसी वस्तु की औसत कीमत बढ़ती है तो उसकी ग्रॉस वैल्यू (सकल मूल्य) में भी बढ़ोतरी होती है। विकसित देश इस समीकरण का इस्तेमाल करके भारत की ताड़ना करते हैं कि वह विश्व व्यापार संगठन समझौते की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। गेहूं और चावल के न्यूनतम खरीद मूल्य में बढ़ोतरी के साथ, अमीर विकसित देश किसी उत्पाद के कुल मूल्य का निर्धारण उत्पादन को कीमत से गुणा करके निकालते हैं। फिर इससे यह हिसाब लगाते हैं कि भारत एग्रीगेट मेजरमेंट ऑफसपोर्ट (सकल माप समर्थन फार्मूले) के तहत 10 प्रतिशत सब्सिडी देने की तयशुदा सीमा से कितना ऊपर जाकर कृषकों को राहत देता है। अन्य शब्दों में, वे यह गणना करते हैं कि भारत उत्पाद के कुल मूल्य का कितना हिस्सा कृषि क्षेत्र को बतौर सहायता प्रदान करता है। बात यह है कि यदि उत्पादन पहले जितना रहे और कीमत ऊपर उठती है तो उसका जीवीओ भी ऊपर जाएगा।

परंतु, क्योंकि हम कृषि उत्पाद की कीमतें कम रखते हैं लिहाजा जीवीओ भी नीचे बना रहता है। वर्तमान में, जिंस की खेत में लगने वाली कीमत सामान्यत: नीचे रहती है, यहां तक कि घोषित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य से 20-30 से फीसदी कम। गेहूं और चावल, और कुछ हद तक कपास, कुछेक दालों और चंद सब्जियों के अलावा थोक मूल्य नीचे ही रहता है। मुझे मालूम है कि उत्पाद के सकल मूल्य का निर्धारण चंद मंडियों में लगने वाली तात्कालिक कीमत का औसत निकालकर, फिर इसमें अन्य कुछ खर्च जोड़कर, तय किया जाता है। तार्किक यह है कि अगर बाजार मूल्य बनिस्बत ऊंचा रहे, जो कि घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम न हो, तब जीवीओ भी तुलनात्मक रूप से ऊंचा रहेगा।

साल 2014-15 में कर्नाटक सरकार ने किसानों को तुअर दाल पर 450 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया, नतीजतन रिकॉर्ड खरीद हुई। इस प्रक्रिया में, तुअर दाल उत्पादक की आय में 22,500 रुपये की अतिरिक्त वृद्धि हुई। कल्पना करें कि यदि देशभर में तुअर दाल की कीमतों में इतने स्तर की वृद्धि हो जाती तो इस जिंस विशेष की जीवीओ कहीं ज्यादा हो जाती। इसी प्रकार, गेहूं का मौजूदा न्यूनतम खरीद मूल्य, जो कि इस साल 2125 रुपये प्रति क्विंटल है, यदि उसको देशभर में कानूनन गारंटी से लागू कर दिया जाए तो न केवल पंजाब-हरियाणा बल्कि पूरे देश के किसान को उच्चतर मूल्य मिल पाएगा। इससे गेहूं उत्पादन का जीवीओ खुद-ब-खुद काफी उच्च गिना जाएगा। यदि शेष फसलों की कीमतों में आनुपातिक वृद्धि कर दी जाए तो यही बात उन पर भी लागू होती है।

जो अन्य पैमाना अर्थशास्त्री लागू करते हैं, वह है ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए (सकल मूल्य संवर्धन)। जीवीए और जीवीओ के बीच अंतर यह है कि फसल उगाने में आई लागत और कच्चे माल की कीमत को जीवीओ से घटाना पड़ता है। वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग (एनएसओ) ने कृषि, वानिकी एवं मतस्य पालन से हुए जीवीओ की गणना 50.71 लाख करोड़ रुपये की है। इस बात के मद्देनजर कि कृषि क्षेत्र के जीवीए-जीवीओ अनुपात देशभर में सबसे अधिक यानी 80.19 प्रतिशत है, यहां तक कि जमीन-जायदाद, व्यावसायिक एवं वित्तीय सेवाएं, होटल और व्यापार क्षेत्र से भी अधिक, तो यह बताता है कि कृषि क्षेत्र की उत्पादकता कितनी अधिक है।

कुछ अर्थशास्त्रियों की सोच है कि क्योंकि कृषि के उत्पादन करने में औद्योगिक वस्तुओं की खपत वैश्विक औसत से कम होती है, मसलन, खाद, कीटनाशक और कृषि-उपकरण और उत्पादन का आंकड़ा ज्यादातर भूमि स्रोतों पर आधारित है, सो खेती का जीवीए अधिक रहता है। फिर क्या हुआ? कृषि यदि बाहरी औद्योगिक चीजों का कम इस्तेमाल करने बावजूद इतनी उत्पादकता दे रही है तो कल्पना करें कि यदि सभी 23 फसलों से शुरुआत करके, न्यूनतम खरीद मूल्य को कानूनन रूप से लागू करते हुए, जिंस का उच्चतर और गारंटीशुदा मूल्य बना दिया जाए तो भारतीय कृषि की तस्वीर एकदम बदल जाएगी और यह आर्थिक विकास का मुख्य धुरा बन जाएगी।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# हाथ में सर्वेक्षण फार्म लेकर कलेक्टर ने गांव में ग्रामीण के नाम का किया मिलान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** आप लोग समय पर सर्वे करने आ रहे हैं न...। घर के सभी सदस्यों की जानकारी सही-सही भर रहे हैं न... और सर्वेक्षण में कोई परेशानी तो नहीं आ रही है.. प्रगणकों से यह पूछते हुए कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का न सिर्फ निरीक्षण किया, अपितु उन्होंने प्रगणकों द्वारा भरे जा रहे सर्वेक्षण फॉर्म को हाथ में लेकर फॉर्म में दर्ज जानकारियों का मिलान किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वे से पहले गाँव में अनिवार्य रूप से मुनादी करा ली जाए ताकि ग्रामीण अपने घर में उपस्थित रहे और सर्वेक्षण में शामिल हो सकें। कलेक्टर श्री झा ने बिना किसी त्रुटि के सभी अनिवार्य जानकारी मोबाइल एप्प और फॉर्म में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों से भी चर्चा की और किसी प्रकार की समस्या आने पर सम्बंधित अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री झा और जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कुमार कँवर ने शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए 1 अप्रैल से प्रारंभ हुए छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने करतला विकासखंड के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम घिनारा, पीड़िया और नवापारा में ग्रामीणों के घर जाकर सर्वेक्षण कार्य को देखा और सर्वे कर रहे प्रगणकों को निर्देशित किया कि सर्वे से कोई भी परिवार वंचित न रहे और सर्वे में सभी शामिल हो। कलेक्टर ने सर्वे के दौरान राशनकार्ड, आधार में दर्ज जानकारी के आधार पर प्रपत्र में परिवार की जानकारी दर्ज करने, मकानों का नम्बर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखने, परिवार के मुखिया का फोटो मकान नम्बर के साथ लेते हुए 18 वर्ष या अधिक के सदस्यों का प्रपत्र में हस्ताक्षर लेने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वे में ग्रामीणों की सहभागिता कहा कि ग्रामीण अपना सर्वे कराकर घर से बाहर महुआ बीनने या दूसरे काम से जाए, इसके लिए मुनादी कराना जरूरी है। उन्हें सामाजिक,आर्थिक सर्वेक्षण के फायदे को भी बताया जाना चाहिए। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश देते हुए मोबाइल एप में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों, पंच और मितानिनों से सहयोग लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, जनपद सीईओ श्री एम एस नागेश आदि उपस्थित थे। गाँव की गलियों में पैदल चलते हुए ली समस्याओं की जानकारी कलेक्टर श्री झा ने ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर न सिर्फ सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया, अपितु उन्होंने घिनारा, पीड़िया और नवापारा में गाँव की पैदल चलते हुए सरपंच तथा ग्रामीणों से पेयजल की उपलब्धता, हैण्डपंप, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन न्याय योजना, फसल उत्पादन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पटवारी से भी राजस्व संबंधी प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली।

## खास खबर

### रोजा, इबादत और परहेजगारी में गुजर रहा रमजान का महीना

**भिलाई।** रमज़ान के इस पाक महीने में इबादतों में बढ़ोतरी के साथ अल्लाह को राज़ी करने मुस्लिम समुदाय में लोग रोज़ा रखने का फर्ज पूरा कर रहे हैं। बुजुर्ग,नौजवान, महिलाएं और बच्चों सहित सभी वर्ग में पाक (पवित्र) माह की बड़ी अजमत देखने मिल रही है। जोन 3 खुर्सीपार निवासी गजाला हबीब कुरैशी और कहकशा अजीम बतातीं है कि सेहरी और अफ्तार बनाने के साथ महिलाओं को इस मुबारक महीने में खास नमाज तरावीह पढ़ना, ज़िक्र करना और कुरान की तिलावत करने में ज्यादा वक्त लगाना चाहिए। खुर्सीपार जोन 2 निवासी नूरूस सबा, रिजवाना जुनैद,नफीस ,नसरीन और अहफाज मानते हैं कि रजा ए इलाही (अल्लाह) को पाने के लिए एक महीना अपने को हुक्मे खुदावंदी पर ला लेने से आगामी 11 माह भी ऐसे नेक काम ओर आमाल करने की तौफीक अल्लाह दे देते हैं। रूआबांधा निवासी आरिफा इकबाल, इंजीनियर सबा शोएब का कहना है कि रमजान मुबारक गमखारी का महीना है। इसमें गरीबों, यतीमों ,बेवा,मिस्कीन और मुसाफिर के लिए अपनी सहरी ओर इफ्तार में हिस्सा लगाना चाहिए।

### न्यूक्लियर फिजिक्स के वयोवृद्ध प्राध्यापक को मिला पद्मश्री


**भिलाई।** पिछले सप्ताह देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त देश के वयोवृद्ध परमाणु वैज्ञानिक प्रो. प्रकाशचंद्र सूद (94) के साथ सेंट थॉमस महाविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने प्रो. सूद से विषय से संदर्भित व विभिन्न प्रश्न पूछे, जिस पर प्रो. सूद ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. फादर जोशी वर्गीस और प्रिंसिपल डॉ. एम. जी. रोईमोन ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। यह संवाद कार्यक्रम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के मीडिया मंच की ओर से प्रो. सूद के सूर्य विहार स्थित निवास में रखा गया। शुरुआत में विभाग प्रमुख डॉ. रीमा देवांगन ने कॉलेज परिवार की ओर से प्रो. सूद व श्रीमती ऊषा सूद को चंदन का पौधा भेंट किया और सम्मान स्वरूप शॉल प्रदान की। सहायक प्राध्यापक मुहम्मद जाकिर हुसैन ने संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि विगत 70 साल से न्यूक्लियर फिजिक्स पढ़ा रहे और उन्हें भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने ''देश के वरिष्ठ एवं पूरी तरह सक्रिय परमाणु वैज्ञानिक'' का दर्जा दिया है।

# नियम विरूद्ध किया जा रहा है ईंटों का उत्पादन मामला पहुंचा जनदर्शन

**एचएससीएल में सेवा दे रहे कर्मचारी की पत्नी ने पति की मृत्यु पश्चात् पीएफ व बीमा राशि प्राप्ति के लिए लगाया जनदर्शन में आवेदन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग।ग्राम पिसेगांव के एक आवेदक द्वारा अवैध रूप से लाल ईंट के निर्माण पर प्रतिबंध लगाने के लिए आवेदन कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा था। आवेदक का कहना है कि उसके ग्राम के एक निवासी द्वारा उसी के खेत पर ईंट का निर्माण कराया जा रहा है जो कि आवेदक के खेत से लगा हुआ है। जिससे भट्ठी से निकलने वाली राखड़, गर्दा और टंकी के सीपेज वाले पानी से उसकी कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है। आवेदक ने यह भी बताया कि ईंट निर्माणकर्ता के पास शासन के गाईड लाइन के तहत् अनुमति भी नहीं है।



उसके द्वारा लगभग 10 लाख ईंट का निर्माण अवैध रूप से कराया जा रहा है और इसमें नाबालिकों से भी कार्य लिया जा रहा है। इसलिए कलेक्टर से आवेदक का निवेदन था कि इसकी जांच कराकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। कलेक्टर ने आवेदन एसडीएम दुर्ग को अग्रिम कार्यवाही के लिए प्रेषित किया है। उरला वार्ड क्रं. 57 मुर्रा भट्ठा के दुर्गा मंच के आस-पास साफ-सफाई को लेकर भी आवेदन आया था। जिसमें आवेदक ने बताया कि मंच के पास जो नाली निर्मित थी। उसके निस्तारी की दिशा में पुल बनने के कारण नाली के पानी जाने का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। इसके चलते विगत कई महीनों से नाली में पानी और अपशिष्ट पदार्थ का जमावड़ा नाली में हो रहा है जिसके चलते सड़न की स्थिति पैदा हो रही है। अतिरिक्त पानी सड़क पर बह रहा है और आम-जनों को सड़न के चलते बदबू जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है इसलिए आवेदक का निवेदन था कि इस समस्या का निराकरण शीघ्र अति शीघ्र किया जाए। कलेक्टर ने आवेदन आयुक्त नगर निगम दुर्ग को प्रेषित किया।

जनदर्शन में भिलाई की मारूति गुप्ता ने आम्रपाली में मकान आबंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने आवेदन में मोर मकान मोर आस योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा खम्हरिया में मकान आबंटन किया गया है। श्रीमती गुप्ता आगंनबाड़ी में कार्यरत है। उनके बच्चों की पढ़ाई आम्रपाली के स्कूल में चल रही है। बच्चों की पढ़ाई को देखते हुए उन्होंने आम्रपाली में मकान आबंटन के लिए निवेदन किया। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को निर्देशित किया गया।

वार्ड नंबर 20 दुर्ग निवासी श्रीमती ममता सिंह ने पी.एफ एवं बीमा की राशि दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि उनके पति एचएससीएल में कार्यरत थे। एचएससीएल में पति के नाम से पी.एफ की राशि कटौती होती रही है एवं उनके नाम से बीमा भी रहा है। पति की मृत्यु के पश्चात उनके नाम से जमा पी.एफ एवं बीमा की राशि श्रीमती रमा देवी को प्राप्त नही हो रही है। इस पर एसडीएम भिलाई को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# भेंट-मुलाकात कार्यक्रमः मुख्यमंत्री की पहल से बलरामपुर जिले के किसानों की वर्षो से लंबित भू-अर्जन मुआवजा राशि मिली



**रायपुर ।** बलरामपुर जिले के किसानों के लिए भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जाना सार्थक सिद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जल संसाधन विभाग द्वारा गिरवानी और कोटराही जलाशय परियोजनाओं के 43 किसानों की लंबित भू-अर्जन राशि 5 करोड़ 46 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत की गई। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इन किसानों को मुआवजा राशि का चेक वितरित किया।

किसानों का कहना है कि उन्होंने मुआवजे की आस ही छोड़ दी थी। मुआवजा राशि मिलने से किसानों में खुशी की लहर है। इन किसानों ने मुआवजा राशि मिलने पर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों की जमीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए ली गई थी और लगभग 15 वर्षों से उन्हें मुआवजे की राशि नहीं मिली थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जब इन किसानों ने अपनी समस्या बताई तब उन्होंने अधिकारियों को भू-अर्जन मुआवजा प्रकरणों का परीक्षण कर किसानों को जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 में वाड्रफनगर विकासखण्ड के गिरवानी और कोटराही में सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत जलाशय का निर्माण किया गया था। यहां सिंचाई परियोजनाओं के लिए 43 किसानों की खेतिहर भूमि डूबान क्षेत्र में घोषित करते हुए भू-अर्जन के तहत प्रकरण तैयार किया गया था। इन किसानों को लंबे समय से भू-अर्जन के अंतर्गत मुआवजे की राशि नही मिल पाई थी, किसान मुआवजे की राशि को लेकर चिंतित थे। 01 करोड़ 81 लाख 20 हजार 6 सौ रुपये तथा गिरवानी जलाशय बांध योजना के अंतर्गत 27 प्रभावित किसानों को 03 करोड़ 65 लाख 40 रुपये मुआवजे राशि का प्रकरण तैयार किया गया।

# रिटायर कर्मियों का अनुभव हमारी धरोहर:परगनिहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों की सहकारी संस्था बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने माह फरवरी 2023 में सेवानिवृत्त अपने 8 सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी।




सोसाइटी में हुए एक कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक परगनिहा व समस्त पदाधिकारियों ने 1986 से 2001 के बीच बीएसपी की सेवा से जुड़े इन कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर विदाई दी।

इन रिटायर कर्मियों में ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से पवन लाल कलार, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग से सुनील कुमार चौरसिया, मर्चेंट मिल से रमाकांत श्रीवास्तव, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से जंग बहादुर चौधरी, वाटर मैनेजमेंट से रामानंद, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से शुद्धोधन भिवगड़े, मर्चेंट मिल से अनिल कुमार साहू, सीआरएम मैकेनिकल से तुषारकांत मुखर्जी और पीसीएएंडसी से अख्तर हुसैन शामिल हैं। इन कर्मियों ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपना सेवाकाल याद किया। समारोह में रिटायर सदस्यों की दीर्घ सेवा का सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो चुके इन कर्मियों ने अपने जीवन में अनुभव से ही अर्जित किया है और इन रिटायर कर्मियों का अनुभव भिलाई स्टील प्लांट और समाज की धरोहर है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरनलाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर , सुदीप बनर्जी, नारायण साहू, सुरेश कुमार व कमल बोस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।


## अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकों के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


# तकिया और रस्सी भी हानिकारक नहीं

श्रीकंचनपथ




बस्तर की भूमि को लाल कर रही आर्सेलर मित्तल कंपनी ने कहा है कि टेलिंग्स जहर नहीं है. कंपनी के प्रवक्ता ने कहा है कि शासकीय नियमों एवं शर्तों के हिसाब में इसे विषैला अथवा जहरीला पदार्थ की श्रेणी में नहीं रखा गया है. अब बड़े लोग कह रहे हैं तो ठीक ही कह रहे होंगे. उनके पास ज्यादा पढ़े लिखे लोग हैं वे सच को झूठ और झूठ को सच साबित करने का हुनर भी जानते होंगे. तकिया और रस्सी को भी कहां नियम कानून में खतरनाक सामान बताया गया है. पर तकिया मुंह पर दबाकर लोगों की जान ली जा सकती है. रस्सी का फंदा बनाकर लोगों को लटका दो भी नतीजा यही निकलता है. यहां के आदिवासी कह रहे हैं कि मित्तल कंपनी की टेलिंग्स ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है. सड़कों से लेकर घर की हर चीज पर लाल धूल की महीन परत बिछ गई है. भोजन भी इससे अछूता नहीं है. यहां से होकर बहने वाली शंखिनी और डंकिनी नदियों का पानी लाल हो गया है. विकास के नाम पर यहां बनी सड़क का भी अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है. आदिवासी न केवल कह रहे हैं बल्कि दिखा भी रहे हैं. आदिवासी न केवल कह रहे हैं बल्कि दिखा भी रहे हैं. दंतेवाड़ा के कतियाररास में एकत्र हुए ग्रामीणों की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और आदिवासी महासभा ने बैठक ली. आदिवासी महासभा के जिला सचिव सूदरु कुंजाम ने कहा कि लाल मिट्टी के खिलाफ हम खून से इंकलाब लिख देंगे. सीपीआई के जिला सचिव भीमसेन मंडावी ने कहा कि ये लाल जहर नदी नालों के साथ ही उपजाऊ जमीन को भी खराब कर देगा. दरअसल, यही वह वजह कि बस्तर क्षेत्र में लोग विकास का विरोध करते रहे हैं. पर्यावरण हितैषी जानते हैं कि बस्तर के 14 खदानों में 1.2 अरब टन लौह अयस्क के भंडार हैं. देश में खदान संचालक किसी भी नियम का पालन नहीं करते. वे केवल उतना ही करते हैं जितना कागजी खानापूर्ति के लिए जरूरी है. पर्यावरणविदों को पता था कि एक दिन यह पूरा अंचल लाल मिट्टी से सन जाएगा और यहां जीवन का नामोनिशान मिट जाएगा. पर्यावरणविदों का यह दु:स्वप्न अब सच होने जा रहा है. आर्सेलर मित्तल की खदानों से निकला आयरन ओर पाइप लाइनों से होकर विशाखापत्तनम के बंदरगाहों तक पहुंचता है जहां से इसे जापान की निप्पन कंपनी को भेज दिया जाता है. पर इस क्रम में अपशिष्ट लौह अयस्क के ढेर भी इकट्ठा हो रहे हैं. किरंदुल में इसका पहाड़ बन चुका है. अब आर्सेलर मित्तल कंपनी इसे पहाड़ी गांवों और जंगलों में बिखेर देना चाहती है. इस डस्ट की वजह से नदियों का पानी लाल हो चुका है. ये नदियां यहां का इकलौता जलस्रोत है. नदियां लाल हो चुकी हैं और अब मिट्टी लाल हो रही है. गांव के गांव इस आतंक के चलते खाली हो रहे हैं।


## आवश्यकता है

लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

## राजस्व शिविर का आयोजन तहसील स्तर पर मई माह में रोटेशन में आयोजित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर।** राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने जन चौपाल और समय सीमा के लंबित आवेदनों का निर्धारित समय में निराकृत करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से समय सीमा में निराकृत करें।इसी तरह डॉ. भुरे ने जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली और डायवर्सन आदि के प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में ही निराकृत करने को कहा।वर्तमान में लंबित राजस्व प्रकरणों को आगामी 10 मई की बैठक के पूर्व निराकृत करें। जिले में राजस्व प्रकरणों को निराकृत करने तहसील स्तर पर रोटेशन आधार पर मई माह में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रकरणों के अलावा मूल प्रकरणों को ज्यादा से ज्यादा निराकृत करे। बैठक में उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन कर प्राथमिकता क्रम में निपटारा करने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।जिले में व्यपवर्तित भूमि की राशि वसूली में तेजी लाने कहा। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तारीकरन नगर पंचायत में किया गया है। इसके लिए पात्र लोगो से आवेदन लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विरेन्द्र बहादुर पंचभाई, बीसी साहू, एनआर साहू सहित सभी अनुविभागों के राजस्व अधिकारी मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री कौशल विकासः निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत रायपुर जिले के युवाओं एवं युवतियों को आईटीआई रायपुर में कोर्स डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवदेन पत्र आमंत्रित किया गया है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वी कक्षा उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित किया गया है। आवेदक आवेदन ऑनलाईन गुगल फार्म से कर सकते है। यह प्रशिक्षण 4 माह का होगा। यह प्रशिक्षण युवाओं एवं युवतियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि में सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

# अब केरल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी होगी रबर की खेती

### रबर अनुसंधान संस्थान प्रायोगिक तौर पर बस्तर में करेगा रबर के पौधों का रोपण

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा रबर रिसर्च इंस्टिट्यूट के मध्य हुआ अनुबंध

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भी अब ज्यादा मुनाफा देने वाले रबर के पेड़ों की खेती की जा सकेगी। रबर अनुसंधान संस्थान, कोट्टायाम बस्तर क्षेत्र में रबर की खेती की संभावनाएं तलाशने के लिए कृषि अनुसंधान केन्द्र बस्तर में एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रबर की प्रायोगिक खेती करने जा रहा है। इस संबंध में आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की मौजूदगी में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा रबर अनुसंधान संस्थान कोट्टायाम के मध्य एक समझौता किया गया। समझौता ज्ञापन पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी तथा रबर रिसर्च इंस्टिट्यूट कोट्टायाम की संचालक अनुसंधान डॉ. एम.डी. जेस्सी ने हस्ताक्षर किये। इस समझौते के अनुसार रबर इंस्टिट्यूट कृषि अनुसंधान केन्द्र बस्तर में एक हेक्टेयर रकबे में रबर की खेती हेतु सात वर्षों की अवधि के लिए पौध सामग्री, खाद-उर्वरक, दवाएं तथा मजदूरी पर होने वाला व्यय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएगा। वह रबर की खेती के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन तथा रबर निकालने की तकनीक भी उपलब्ध कराएगा। पौध प्रबंधन का कार्य रबर इंस्टिट्यूट के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

अनुबंध समारोह को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि रबर एक अधिक लाभ देने वाली फसल है। भारत में केरल, तमिलनाडु आदि दक्षिणी राज्यों में रबर की खेती ने किसानों को सम्पन्न बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि रबर अनुसंधान संस्थान कोट्टायाम के वैज्ञानिकों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र की मिट्टी, आबोहवा, भू-पारिस्थितिकी आदि को रबर की खेती के लिए उपयुक्त पाया है और प्रायोगिक तौर पर एक हेक्टेयर क्षेत्र में रबर के पौधों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां रबर की खेती को निश्चित रूप से सफलता मिलेगी तथा किसानों को अधिक आमदनी प्राप्त हो सकेगी।

अनुबंध समारोह में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक शिक्षण डॉ. एस.एस. सेंगर, कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी के अधिष्ठाता डॉ. विनय कुमार पाण्डेय, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जगदलपुर की अधिष्ठाता डॉ. जया लक्ष्मी गांगुली सहित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा रबर अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# मंडी बोर्ड की भूमि का होगा व्यावसायिक दृष्टि से विकासः मुख्य सचिव जैन

### हर विकासखण्ड के एक गौठान में लगेगी गोबर पेंट की इकाई

### मुख्य सचिव द्वारा कृषि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा




**रायपुर।** मंडी बोर्ड की भूमि का व्यावसायिक दृष्टि से विकास किया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंडी बोर्ड की अनुपयोगी भूमि का व्यावसायिक विकास कर किसान मॉल और किसान सेंटर बनाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। श्री जैन मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक गौठान में गोबर पेंट निर्माण की इकाई लगायी जाए। इसी तरह से शहरी गौठानों में भी गोबर पेंट निर्माण की यूनिट्स लगायी जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को आगामी धान खरीदी से पूर्व धान खरीदी केन्द्रों में अधिक से अधिक चबूतरा निर्माण करने, किसानों को धान के बदले अन्य नकद फसलों के लिए प्रोत्साहित करने, मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में फसल प्रदर्शन कार्यक्रम और प्रमाणित बीज वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं नरवा,गरवा, घुरूवा, बाड़ी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अयाज भाई तम्बोली सहित कृषि विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। इसके लिए कमिश्नर को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अविवादित नामांतरण एवं बटवारे, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र और नगरीय निकायों में नल कनेक्शन प्रदाय करने के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिकित्साकर्मियों के रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गौठानों में प्राकृतिक पेंट उत्पादन के लिए 23 इकाईयों ने काम प्रारंभ कर दिया है। इन इकाईयों द्वारा 55 हजार 884 लीटर से अधिक पेंट का उत्पादन किया जा चुका है और 31 हजार लीटर से ज्यादा पेंट का विक्रय भी हुआ है। इससे करीब 60 लाख रुपए की आमदनी हुई है।

# रायपुर के जनता कॉलोनी में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने 2 अप्रैल को रायपुर के बाल गंगाधर तिलक वार्ड, जनता कालोनी गुढ़ियारी के कुंभारे चौक गार्डन में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया। इस दौरान नागरिकों को कई योग आसन भी सिखाए गए। योग आयोग के तत्वाधान में नगर निगम में नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत यह रायपुर में 31वां निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र है। यहां प्रतिदिन सुबह 6 से 7.30 बजे तक योग प्रशिक्षक अनिता सहारे द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि योग आयोग का उद्देश्य आमजनों को नियमित योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए आयोग द्वारा लगातार रायपुर शहर में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है। सभी नागरिक इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाएं। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में वार्ड पार्षद कामिनी देवांगन सहित योग साधकगण, बड़ी संख्या नागरिकगण उपस्थित थे।

'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम को मिला स्कॉच अवार्ड

# बच्चों को सिखाने वाली माताओं को 'स्मार्ट माता' का दिया जाता है खिताब

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोविड लॉकडाउन के दौरान महिला शिक्षिकाओं की पहल पर प्रारंभ किए गए 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम को किसी स्वतंत्र संगठन द्वारा दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया है। इस अवार्ड के माध्यम से उन परियोजनाओं को सम्मानित किया जाता है, जो देश को बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए प्रयास करते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग को वर्ष 2022 के स्कॉच अवार्ड मिलने पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं इस परियोजना से जुड़ी महिला शिक्षिकाओं एवं माताओं और सभी संबंधितों को बधाई दी है। उन्होंने कोरोनाकाल में माताओं द्वारा अपने बच्चों की पढ़ाई पर घर में ध्यान देने की शुरुआत को आगे भी जारी रखते हुए सभी माताओं से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई पर ध्यान देते हुए घर पर भी पढ़ने हेतु प्रेरित करते रहें।

'अंगना म शिक्षा' को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में पहुंचाए जाने हेतु कार्यक्रम डिजाइन कर क्रियान्वयन के लिए महिला शिक्षिकाओं की एक कोर टीम का गठन किया गया है, जिसमें सभी पांच संभाग से प्रतिनिधित्व किया गया है। यह शिक्षिकाएं विगत तीन वर्षों से इस कार्यक्रम की डिजाइन कर इसमें निरंतर सुधार लाने का प्रयास कर रही हैं। प्रत्येक गांव में सबसे पहले 'अंगना म शिक्षा' मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय शिक्षिकाएं समुदाय, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी कक्षाओं की बालिकाओं को शामिल किया जाता हैं।

मेले में अलग-अलग काउंटर होते हैं, जिसमें माताएं अपने बच्चों का आकलन करवाते हुए घर पर सीखने-सिखाने की प्रक्रिया पर समझ बनाती हैं। मुख्य रूप से टेढ़े-मेढे लाईन पर चलना, चित्रों में रंग भरना, कागज से फोल्ड कर विभिन्न आकृतियां बनाना, वस्तुओं का वर्गीकरण करना एवं उन्हें क्रम से जमाना, कहानी सुनाना, चित्र देखकर उसका वर्णन करना, गिनती, मौखिक जोड़-घटाना जैसी गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है। मेले से सीखकर एवं शिक्षिकाओं द्वारा समय-समय पर उन्मुखीकरण करने से माताएं बच्चों को घर पर सीखने में सहयोग देना प्रारंभ कर देती हैं। इस कार्यक्रम में बेहतर और सक्रिय होकर कार्य कर रही माताओं को गाँव में पहचान दिलाने एवं उन्हें अन्य माताओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने हेतु 'स्मार्ट माता' का खिताब देकर सम्मानित भी किया जाता है। स्मार्ट माताओं से यह अपेक्षा भी की जाती है कि वे अन्य माताओं को सक्रिय करते हुए स्कूल एवं आंगनबाड़ी में भी जाकर बच्चों की पढ़ाई में सुधार की दिशा में पहल करे।

बच्चों को स्कूल में नए सत्र में प्रवेश के लिए जाते समय माताएं अपने साथ एक सपोर्ट कार्ड भी लाकर जाती हैं, जिसमें वे बच्चों के दक्षता की वर्तमान स्थिति का आकलन कर स्वयं हस्ताक्षर कर यह सूचित करती है कि उन्होंने अपने बच्चों को इन दक्षताओं को हासिल करवा लिया है, अब इसके आगे सिखाने में सहयोग दे। आगामी सत्र में प्रवेश के पूर्व सभी गावों में इस कार्यक्रम के अंतर्गत अगले चरण हेतु प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर महिला शिक्षिकाओं द्वारा तय किए जा रहे हैं। इस वर्ष 'अंगना म शिक्षा' दिवस एवं माताओं का अपने बच्चों के साथ सेल्फी लेने का भी प्रस्ताव है।

# सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने गांव-गांव हुआ पोषण पखवाड़े का आयोजन

### सुपोषण रथ, पोषण साइकल, बाइक रैली, मैराथन, मिलेट्स कैम्प, सुपोषण

### चौपाल, अम्मा की रसोई जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में सुपोषित छत्तीसगढ़ के ध्येय से पोषण जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया गया। 20 मार्च से 03 अप्रैल तक चले इस पखवाड़े में बच्चों तथा महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जागरूकता और आदतों में सुधार लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पखवाड़े में सुपोषण रथ, पोषण साइकल/बाइक रैली, मैराथन, मिलेट्स जागरूकता कैम्प, सुपोषण चौपाल, अम्मा की रसोई का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और बच्चों के साथ ही पंचायत प्रतिनिधि, गांव के युवा, विभिन्न विभागों के अधिकारी और यूनिसेफ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

महिला एवं बाल विकास विभाग संचालक दिव्या मिश्रा ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान प्रत्येक दिन के लिए कलेण्डर अनुसार गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पोषण सम्बन्धित व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया गया। पोषण पखवाड़े के दौरान आयुष, पंचायत, कृषि सहित अन्य विभागों, जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग मिला। पोषण पखवाड़े के दौरान कई किसान, पंचायत प्रतिनिधि, युवा भी इस अभियान से जुड़े। यूनिसेफ ने पोषण संबंधी संदेश और वीडियो के माध्यम से तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

श्रीमती मिश्रा ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊंचाई मापन कर बच्चों में पोषण स्थिति की जानकारी लेकर पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज किया गया है। इस दौरान विकासखण्ड स्तर पर बेहतर काम करने के लिए दो-दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को एकमुश्त विशेष मानदेय के रूप में 5000 रूपये और सहायिकाओं को 2500 रूपये प्रदान किए जाएंगे।

पोषण पखवाड़े के दौरान मुख्य रूप से पोषण कल्याण के लिए मिलेट्स के प्रचार-प्रसार और लोकप्रियता, स्वस्थ्य बालक-बालिका स्पर्धा और सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र संबंधित थीम आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को मिलेट्स के फायदों के बारे में जानकारी देकर उन्हें इसे दैनिक आहार में शामिल करने के लिए जागरूक किया गया। पोषण पखवाड़े के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के समन्वित प्रयास से छत्तीसगढ़ में 2 लाख 68 हजार 180 गतिविधियां आयोजित की गई। पोषण पखवाड़े के समापन अवसर पर आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित वेबिनार में यह जानकारी दी गई। वेबिनार में सभी जिलों के विभागीय अधिकारी सहित स्वास्थ्य, पंचायत, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और यूनिसेफ के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# क्या आपके फ्रिज में भी आ चुकी हैं कोल्ड ड्रिंक की बोतलें?



गर्मियां शुरू होते ही सभी अपने आहार में बदलाव लाते हुए ऐसी चीजों को शामिल करते हैं को उनके मन को ठंडक प्रदान करें। ऐसा ही कुछ होता हैं कोल्ड ड्रिंक्स के साथ जिसका सेवन लोग गर्मियां आते ही करने लगते हैं। आजकल कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन बहुत अधिक बढ़ गया है। आज के दौर में कोल्ड ड्रिंक्स हर पार्टी की शान मानी जाती है। पार्टी में कोल्ड ड्रिंक न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। कई लोगों को तो कोल्ड ड्रिंक्स की लत लग जाती है और यह लत छुड़ानी मुश्किल होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस कोल्ड ड्रिंक को आप गर्मी से राहत पाने के लिए पीते हैं, वह आपकी सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि अगर आप कोल्ड ड्रिंक का सेवन करें तो आपकी सेहत को क्या क्या नुकसान हो सकता है।

## शुगर बढ़ने का खतरा

जब आप खाना खाते हैं तो आप खाने में कार्बोहाइड्रेट्स और अन्य पोषक तत्वों का सेवन करते रहते हैं, लेकिन जब आप इसके साथ कोल्ड ड्रिंक पीते हैं तो ड्रिंक की शुगर भी आपके शरीर में जाती है और आपके शरीर में शुगर की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए खाने से साथ ये ना लें।

## फैटी लीवर की समस्या

कोल्ड ड्रिंक के सेवन से आपको फैटी लीवर की समस्या भी हो सकती है। आपको बता दें कि कोल्ड ड्रिंक में दो तरह की शुगर पाई जाती है। ग्लूकोज और फरुक्टोज ग्लूकोस बॉडी में तुरंत अब्सॉर्ब और मेटाबोलाइज़ हो जाता है। वहीं दूसरी तरफ फरुक्टोज केवल लिवर में जमा हो जाता है। ऐसे में आप अगर हर दिन कोल्ड ड्रिंक पी रहे हैं तो फ्रूक्टोज आप के लिवर में अतिरिक्त मात्रा में जमा हो जाएगा और लिवर पर असर डालेगा और इससे लिवर से जुड़ी समस्याएं पैदा होंगी।

## हड्डियां हो सकती हैं कमजोर

सॉफ्ट ड्रिंक आपकी हड्डियों से कैल्शियम सोखने का काम करता है, जिससे हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं। सॉफ्ट ड्रिंक में फॉस्फोरिक एसिड मिला होता है जो कि एक अम्लीय होता है। ये हड्डियों से कैल्शियम सोख लेता है। कैफीन भी कैल्शियम सोखने का काम करती है जिससे हड्डियों पर बुरा असर पड़ता है।

## कैंसर का जोखिम

आश्चर्यजनक रूप से कुछ अध्ययन इस बात की तरफ भी इशारा करते हैं कि अधिक मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स के सेवन की आदत कई ऐसी स्थितियों का भी कारण बन सकती है जो आपमें कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है। 60,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो लोग प्रति सप्ताह 2 या इससे अधिक केन कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं, उनमें अग्नाशयी कैंसर विकसित होने की आशंका 87 फीसदी अधिक हो सकती है।

## मोटापे का जोखिम

अधिक वजन किसी समस्या का कारण नहीं है, लेकिन इसकी वजह से हृदय और प्रतिरक्षा तंत्र पर दबाव पड़ने लगता है। जो बच्चे कोल्ड ड्रिंक को ज्यादा पीते हैं उनको मोटे होने का खतरा अधिक होता है। एक अध्ययन में पाया गया कि रोजाना कम कोल्ड ड्रिंक और सोफ्ट ड्रिंक पीने वाले मोटे बच्चों और किशोरों का वजन तेजी से कम हुआ।

## पेट के लिए हानिकारक

कई सारी कोल्ड ड्रिंक्स में कार्बन डाई ऑक्साइड मौजूद रहती हैं, जो पेट में जाते ही गर्मी की वजह गैस में बदलने लगती है। यही कारण है कि कोल्ड ड्रिंक पीते ही कुछ लोगों को तुरंत डकार आती है। सॉफ्ट ड्रिंक में मौजूद यह कार्बन डाई ऑक्साइड पेट के लिए एक ब्लीचिंग एजेंट की तरह काम करता है, जिसकी वजह से पेट में बनने वाले डाइजेस्टिव एंजाइम पर असर होता है। यही वजह है कि कई बार ज्यादा या रात के समय कोल्ड ड्रिंक पीने से सीने में जलन होने लगती है।

## दिमाग पर पड़ता है बुरा असर

कोल्ड ड्रिंक्स में कैफीन भी होता है, जो एक तरह का एडिक्टिव कंपाउंड है। रिसर्च में पाया गया है कि कोल्ड ड्रिंक्स पीने के 5-10 मिनट के अंदर ही आपके शरीर में डोपामाइन का लेवल बढ़ जाता है। इस हार्मोन के कारण आपको थोड़ी देर खुशी महसूस होती है, जिसके कारण आप इसे और ज्यादा पीना चाहते हैं। मेडिकल न्यूज टुडे पर छपे एक लेख में इस नशीलेपन की तुलना हेरोइन के नशे से की गई है। इसलिए इसका असर आपके ब्रेन फंक्शन पर भी पड़ता है।

## दांत खराब होने की परेशानी

सॉफ्ट ड्रिंक आपके दांतों के लिए बहुत नुकसानदायक है। सोडा में फॉस्फोरिक एसिड और कार्बोनिक एसिड होता है जो लंबे समय में दांतों के इनेमल को खराब कर सकता है। चीनी के साथ एसिड आपके मुंह में बैक्टीरिया को पनपने के लिए सही वातावरण तैयार करता है, जिससे कैविटी हो सकती है।

## गाउट की समस्या

गाउट वह परिस्थिति है, जब शरीर में बहुत अधिक यूरिक एसिड जमा हो जाता है। इससे जोड़ों में सूजन और जलन होने लगती है। अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के एक विश्लेषण के मुताबिक एक शुगर ड्रिंक रोज पीने से गाउट का खतरा काफी बढ़ जाता है।

# गर्मियों में शरीर की दुर्गंध दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मियों के मौसम में त्वचा के पसीने पर मौजूद बैक्टीरिया के कारण शरीर से गंध आने लगती है। अक्सर यह गंध आपको दूसरों के सामने शर्मसार कर देती है। इससे छुटकारा पाने के लिए ज्यादातर लोग परफ्यूम का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन इसका असर कुछ ही समय के लिए होता है। आइए आज हम आपको शरीर की गंध दूर करने के लिए 5 असरदार प्राकृतिक और घरेलू उपचार बताते हैं।



## सेब का सिरका

सेब का सिरका अम्लीय होता है और यह एंटी-माइक्रोबियल गुणों के लिए जाना जाता है। इस कारण यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है और अंडरआर्म्स में पीएच स्तर को कम करता है। इसके अलावा यह शरीर के दुर्गंध को कम करता है क्योंकि यह पसीने के उत्पादन को भी कम देता है। लाभ के लिए सेब के सिरके में एक कॉटन बॉल डुबोएं और फिर इसे अपनी अंडरआर्म्स पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसे दिन में 2 बार लगाएं।

## बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा अंडरआर्म्स के पीएच स्तर को ठीक करके उन्हें ताजा और बैक्टीरिया से मुक्त रखता है। इस उपाय को करने के लिए अपने अंडरआर्म्स पर बेकिंग पाउडर को टैल्कम पाउडर की तरह थपथपाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके अलावा आप बेकिंग सोडा में पानी मिलाकर इसके पेस्ट को अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं और फिर इसके सूखने के बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें।

## टमाटर का रस

टमाटर का रस एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो इसे शरीर की दुर्गंध से छुटकारा पाने के लिए एक प्रभावी उपचार बनाता है। यह आपके अंडरआर्म्स में अत्यधिक पसीने के उत्पादन और संचय को नियंत्रित करता है। इसके साथ ही यह गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया और संक्रमण को भी मारता है। लाभ के लिए टमाटर के रस में एक कपड़ा भिगोकर अपने अंडरआर्म्स पर लगा लें।

## नीम की पत्तियां

नीम आयुर्वेद में सबसे अधिक मांग वाली जड़ी-बूटियों में से एक है, जो कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। एंटी-सेप्टिक, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम शरीर की गंध को प्रभावी ढंग से दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए 1 बड़ी चम्मच नीम की पत्तियों का पाउडर लें और फिर उसमें थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं और फिर सूखने के बाद इसे धो लें।

## नींबू का रस

नींबू एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया के विकास को कम करने में मदद कर सकता है। यह गुण शरीर की दुर्गंध को दूर करने के लिए इसे एक उत्कृष्ट घटक बनाता है। लाभ के लिए आधा नींबू निचोड़ें और इसके रस को अपने अंडरआर्म्स पर मलें। इसके बाद जब नींबू का रस अवशोषित हो जाए तो फिर इसे पानी से धो लें।

# स्त्री 2 के साथ होगी हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की वापसी भेड़िया बन वरुण धवन निभाएंगे अहम किरदार

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर हॉरर-कॉमेडी स्त्री के बाद जल्द ही स्त्री 2 में नजर आने वाले हैं। 2018 में आई इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और यह 129.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही थी। स्त्री को मिली शानदार सफलता के बाद निर्माताओं ने भेड़िया के साथ हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बनाने की ओर कदम उठाए। भेड़िया में राजकुमार और श्रद्धा दोनों नजर आए थे, वहीं अब वरुण धवन स्त्री 2 का हिस्सा बनने वाले हैं।

पिछले साल रिलीज हुई वरुण और कृति सैनन की भेड़िया बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखाने में असफल साबित हुई, लेकिन इसने हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में क्रॉसओवर की शुरुआत की। फिल्म में राजकुमार मिड-क्रेडिट सीन में नजर आए तो श्रद्धा ठुमकेश्वरी गाने में दिखाई दी थीं। इसके बाद से ही दर्शकों को स्त्री 2 का हिंट मिल गया और वह इसका इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी के मुताबिक स्त्री 2 में वरुण का कैमियो कहानी के लिए बेहद जरूरी होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र से उन्हें जानकारी मिली कि स्त्री के सीक्वल में वरुण एक अहम भूमिका निभाने वाले हैं। यह अभिनेता का कैमियो होगा, लेकिन यह कुछ इस तरह का होगा जो स्त्री 2 में मस्ती को और भी बढ़ाएगा। वरुण का किरदार भेड़िया में नजर आए स्त्री के किरदारों की तरह नहीं होगा, जो आखिर में फिल्म में आते हैं और कहानी से उनका कोई लेना-देना नहीं होता।

भेड़िया के मिड-क्रेडिट सीन से पता चलता है कि अभिषेक बनर्जी का किरदार जनार्दन कोई और नहीं बल्कि स्त्री में नजर आया जाना है। अमर कौशिक ने स्त्री और भेड़िया दोनों का निर्देशन किया था और अब वह स्त्री 2 का भी निर्देशन कर रहे हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के इस साल जुलाई में शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद अगले साल यह सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हो सकती है।

इस सबके बीच स्त्री और भेड़िया के निर्माता दिनेश विजान एक और हॉरर-कॉमेडी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो इस यूनिवर्स का हिस्सा होगी। शरवरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली मुंझा की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अब स्त्री, रूही और भेड़िया के बाद मुंझा भी हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बन गई है। बता दें कि रूही 2021 में आई थी, जिसमें जाह्नवी कपूर और राजकुमार मुख्य भूमिका में थे।



# बेहद खूबसूरत हैं बादशाह की जीएफ ईशा रिखी, बोल्डनेस में भी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को देती हैं मात

रैपर बादशाह और पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं बटौर रही हैं। हालांकि बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को बताया की ये महज अफवाह है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ईशा रिखी की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी फेल हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उनकी कुछ लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी हसीनाएं भी फेल हैं। उनका हर अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता हैं। ईशा आए दिन अपनी हॉट और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है और वो इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को पंजाब के चंदीगढ़ में हुआ था। ईशा के परिवार में उनकी मां एक भाई और एक बहन हैं। जब एक्ट्रेस छोटी थी तब ही उनके पिता का देहांत हो गया था। एक्ट्रेस की स्कूलिंग चंदीगढ़ के शिशु निकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई है। उन्होंने अपनी बैचलर डिग्री चंदीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय से हासिल की है। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2013 में सिप्पी गिल, सांवल गिल, ओम पुरी स्टारर मूवी जट्ट बॉयज पुट जट्टन दे से सिल्वर स्क्रीन पर की थी। बता दें कि एक्ट्रेस इसके अलावा भी कई पंजाबी मूवी में काम कर चुकीं हैं।

# रवि तेजा स्टारर रावणासुर 7 अप्रैल को होगी रिलीज



टॉलीवुड मास महाराजा रवि तेजा की बहुप्रतीक्षित क्राइम एक्शन थ्रिलर रावणासुर 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हैदराबाद में ग्रां प्री-रिलीज इवेंट में रवि तेजा ने फिल्म को लेकर अपने अनुभव बताए। उन्होंने कहा, हम सभी फिल्म को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। एक्टर ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि रावणासुर सभी का मनोरंजन करेगा और 7 अप्रैल को दर्शकों को सीटी बजाने के लिए मजबूर करेगा। अभिषेक नामा (को-प्रोड्यूसर) को हम क्यूट बॉय कहते हैं। फिल्म का टाइटल और इसका डिजाइन भी उन्हीं ने तैयार किया हैं। वह मल्टी-टैलेंटेड हैं। रवि तेजा ने कहा: मैं चाहता हूं कि यह फिल्म एक बड़ी हिट हो और हम दोनों की मेहनत रंग लाए। हम प्रोड्यूसर के रूप में भी एक बेहतरीन काम करेंगे। रवि तेजा ने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा, सुधीर वर्मा मेरे पसंदीदा निर्देशक हैं। वह बहुत प्यारे और सकारात्मक व्यक्तित्व के इंसान हैं। मैं चाहता हूं कि सुधीर इस फिल्म के साथ सफलता के अगले स्तर तक जाएं।

# तीन साल बाद कुंडली भाग्य के जरिए छोटे पर्दे पर वापसी कर रही रोज सरदाना



हम आपके घर में रहते हैं, बड़ी देवरानी, एक था राजा एक थी रानी, इतना करो ना मुझे प्यार जैसे टीवी शो में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस रोज सरदाना ने डिजिटल मीडियम, बॉलीवुड और पंजाबी सिनेमा को एक्सप्लोर करने के लिए तीन साल का ब्रेक लिया था, लेकिन वो अब कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं। उन्होंने कहा: कुंडली भाग्य सबसे लोकप्रिय शो में से एक है और इसका हिस्सा बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं 3 साल बाद टीवी पर वापस आकर रोमांचित हूं, खासकर इतने बड़े शो के साथ। इस शो के लिए हां कहने का मेरा कारण जाहिर तौर पर एकता कपूर मैम हैं, क्योंकि हर कलाकार की तरह मैं भी उनके साथ काम करना चाहती हूं। रोज सरदाना माही खुराना के रूप में शो में एंट्री कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका है। एक चल रहे शो में शामिल होने से अभिनेत्री के लिए कहानी के साथ तालमेल बिठाना मुश्किल हो जाता है। अपने रोल के बारे में बताते हुए रोज सरदाना ने कहा, मेरा किरदार माही का है, जो डिजाइनर है। वह एक जिद्दी, लापरवाह और मनी-माइंडेड वाली लड़की है। अपनी बहन पालकी से बिल्कुल उलट। वह अपने लुक्स पर ज्यादा ध्यान देती है, और एक प्रोफेशनल मॉडल बनना चाहती है। व्यक्तिगत रूप से, मुझे लगता है कि यह चुनौतीपूर्ण भूमिका है क्योंकि चल रहे शो में एंट्री करने और दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाने में समय लगता है। उन्होंने कहा, लेकिन, मैं निश्चित रूप से अपना शत प्रतिशत दूंगी, और आशा करती हूं कि दर्शक मुझे एक बार फिर इस नए अवतार में देखकर खुश होंगे। कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जन चौपाल कलेक्टर नें सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**रायपुर।** आज कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो से आए 40 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में आज अभनपुर तहसील के ग्राम बेन्द्री की गजराबाई धीवर ने राशन कार्ड से राशन दिलाने, धरसीवा निवासी महेंद्र कुमार वर्मा ने उद्योग द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर ग्राम कृषकों को कृषि कार्य में बाधा उत्पन्न करने, दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी वहीदा बेगम ने निराश्रित राशि दिलाने, पेंशन बाड़ा रायपुर निवासी राहुल कंवर ने अपनी विक्रय की भूमि का नामांतरण कराने और टिकरापारा निवासी भावना लोखंडे ने नामांतरण आदेश की सहमति प्रदान करने आवेदन दिया। इसी प्रकार सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने किसान सम्मान निधि संबंधी किसानों की समस्या का समाधान हेतु ग्राम में शिविर आयोजन कराने, ग्राम पंचायत अकोली में जर्जर रंगमंच को तत्काल तुड़वाने, चंद्रकांता दीवान ने सीमांकन में आपत्ति के संबंध में, ग्राम पंचायत सेमरिया के किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि प्रदाय कराने, सुन्दर नगर के जितेश साहू ने निजी कोचिंग संस्थान से फीस रिफंड़ कराने, आरंग तहसील के ग्राम अमोदी के केदारनाथ साहू और नंदकुमार साहू ने अपनी जमीन का नक्शा बटांण्कन कराने आवेदन दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी विभिन्न समस्याओं और मांग संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर डॉ भुरे ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### उदंती अभ्यारण्य के कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग का आनंद लेने दूर - दूर से पहुंच रहे है पर्यटक

**गरियाबंद।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 23 किमी दूर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र इन दिनों गरियाबंद जिला सहित अन्य जिले के पर्यटको के लिए पहला पसंदीदा स्थान बना हुआ है।जहां बड़ी सख्या में सुबह से लोग खाना और अन्य पिकनिक का इंतजाम कर पहुंचते है और देर शाम तक कुल्हाड़ीघाट नदी में कायकिंग का आनंद लेते नजर आ रहे है।यह सुविधा पूरे गरियाबंद जिला में सिर्फ मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट नदी में वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है और पर्यटको को यह खूब भा रहा है।कायकिंग जैसे वाटर एडवेंचर की सुविधाएं अब मैनपुर क्षेत्र में भी मिलने लगी है गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने प्राकृतिक नदी जलप्रपातो में कायकिंग करने का भी अवसर उपलब्ध करा दिया गया है।
यह गरियाबंद जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नही है वही तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 25 किमी की दूरी सोंढुर जलाशय में नौका विहार भी प्रारंभ करवाया गया है और तो और सोंढुर जलाशय में ईको टुरीजम पार्क का निर्माण कार्य करवा कर बच्चो व पर्यटको के झुला व भोजन तक की व्यवस्था किया गया है जिसके चलते महज 30 रूपये बहुत कम शुल्क में बड़ी संख्या में पर्यटक सोंढुर में पहुंचकर नौका विहार का आनंद पिछले छः माह से ले रहे है।
तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 18 किमी दूर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट से लगे देवदहरा जलप्रपात के नीचले हिस्से कठवा नर्सरी नदी में दो माह पूर्व वन विभाग द्वारा चार कायकिंग बोट मंगवाये गये है पर्यटक अब यहां कायकिंग का लुत्फ भी उठा रहे है।
अभ्यारण्य क्षेत्र में इन स्थानो तक पहुंचने के लिए दो जिप्सी की भी व्यवस्था वन प्रशासन द्वारा किया गया है संख्या में पर्यटक जिप्सी में इन पर्यटन स्थलो में आते जाते दिखाई दे रहे है।

---

**मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का बढ़ा दायरा**

# ग्राम पंचायत क्षेत्रों के साथ नगर पंचायतों तथा अनुसूचित क्षेत्र की नगर पालिकाओं में लागू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल की बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का विस्तार ग्राम पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ नगर पंचायतों एवं अनुसूचित क्षेत्र की नगर पालिकाओं में किया गया है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश में इस योजना के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटाएन्ट्री का कार्य करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है।**



समय-सारणी के अनुसार 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2023 तक, तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2023 तक, आवेदनों की स्वीकृति/अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्राम सभा/सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण की तिथि 14 मई 2023 तथा अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है।
राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का ने समस्त कलेक्टर, जिला पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत तथा नगर पालिका को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऑनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना प्रेषित कर समय-सारणी के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

#### हितग्राही परिवार की पात्रता

इस योजना की पात्रता केवल छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों को होगी। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में निवासरत् भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार जिनके पास कृषि भूमि नहीं है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि तथा वन अधिकार प्रमाण पत्र से प्राप्त भूमि को कृषि भूमि माना जाएगा। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत पात्र होंगें। परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामायिक भत्ता, आर्थिक सहायता अन्य योजना में प्राप्त कर रहे हों, पात्र नहीं होंगे।

#### भूमिहीन कृषि मजदूर

ऐसा व्यक्ति जो कोई कृषि भूमि धारण नहीं करता और जिसकी जीविका का मुख्य साधन शारीरिक श्रम करना है और उसके परिवार का जिसका की वह सदस्य है, कोई सदस्य किसी कृषि भूमि को धारण नहीं करता है।
कृषि भूमिहीन परिवारों की सूची में से परिवार के मुखिया के माता या पिता के नाम से यदि कृषि भूमि धारित है अर्थात् उस परिवार को उत्तराधिकार हक में भूमि प्राप्त करने की स्थिति होगी, तब वह परिवार भूमिहीन परिवार की सूची से पृथक् हो जाएगा। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि, कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी। अपंजीकृत परिवारों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

---

# जिले में पहली बार उभयलिंग समुदाय के लिए जारी किया गया राष्ट्रीय पहचान पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। जिले में आज पहली बार उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी किया गया। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट में उभयलिंगी के तृतीय लिंग समुदाय के व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र और पहचान पत्र जारी किया। यह प्रमाण पत्र सभी शासकीय प्रयोजनों जैसे राशनकार्ड, पासपोर्ट, आधारकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि के लिए (तृतीय लिंग वर्ग विशेष हेतु) मान्य होगा।**



असीम कृपा फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 लोगों का राष्ट्रीय पोर्टल में पंजीयन कराकर उनका पहचान पत्र जारी कराया गया था। आज कलेक्टर श्री सिन्हा ने जनदर्शन के दौरान जारी किये राष्ट्रीय पहचान पत्र को उभयलिंगी व्यक्तियों को प्रदान किया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण श्री आलोक भवाल, असीम कृपा फाउंडेशन के संस्थापक रंजीत चौहान एवं सुदीप मंडल एवं अन्य सभी पदाधिकारी सहित उभयलिंग समुदाय भी मौजूद रहा।
देश की पहली उभयलिंगी महापौर मधुबाई समेत 14 लोगों को आज कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान समुदाय के व्यक्तियों ने अपनी समस्या को रखते हुए कहा कि वर्तमान में समाज में उनकी स्थिति बेहद दयनीय है। आवाज एवं रोजगार स्वास्थ्य इन सभी क्षेत्रों समुदाय की भूमिका हेतु अपनी मांग रखी। राष्ट्रीय पहचान पत्र जिले में पहली बार समुदाय के व्यक्तियों के लिए बनकर तैयार हुआ है और यह प्रमाण पत्र उभयलिंगी विशेष वर्ग के लिए सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए महत्वपूर्ण है तथा इस पत्र से वह समस्त शासकीय सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।
इस संबंध में कलेक्टर श्री सिन्हा का भी बहुत ही सकारात्मक पहल रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उभयलिंगी समुदाय की व्यक्तियों को राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रदान किया और समुदाय के समस्त समस्या के निराकरण के लिये त्वरित अधिकारियों को निर्देश देकर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया और शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए भी निर्देशित किया।

---

**अधिकारियों के अवकाश में होने पर भी कार्य प्रभावित न हो**

# लिंक अधिकारियों की हुई नियुक्ति, निगमायुक्त रोहित व्यास ने जारी किया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में जरूरी कार्यों में लगे अधिकारी के अवकाश पर होने पर कार्य प्रभावित न हो इसके लिए लिंक अधिकारी की नियुक्ति निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कर दी है। इस आदेश के मुताबिक जितेंद्र कुमार ठाकुर लेखाधिकारी के लिंक अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी होंगे। जन सूचना अधिकारी शरद चावड़ा के लिंक अधिकारी सहायक जन सूचना अधिकारी अरुण सिंह होंगे। पीसी सार्वा जनसंपर्क अधिकारी के लिंक अधिकारी के रूप में शरद दुबे प्रभारी अधिकारी कार्य करेंगे। हिमांशु देशमुख भवन निर्माण अधिकारी के लिंक अधिकारी के रूप में शरद चावड़ा सहायक अभियंता जिम्मेदारी संभालेंगे।
स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के लिंक अधिकारी के रूप में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक केके सिंह काम करेंगे। दीप्ति साहू प्रोग्रामर के लिंक अधिकारी के रूप में तपन अग्रवाल प्रभारी अधिकारी कंप्यूटर कार्य करेंगे। तपन अग्रवाल प्रभारी अधिकारी कंप्यूटर एवं नोडल लोक सेवा गारंटी, निदान 1100, ई गवर्नेंस के लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता प्रकाश मिश्रा काम संभालेंगे। तपन अग्रवाल सहायक नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं पीएम गति शक्ति योजना के लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता आरएस राजपूत कार्य देखेंगे। अजय शुक्ला प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास पेंशन शाखा समाज कल्याण विभाग के लिंक अधिकारी के रूप में प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन को नियुक्त किया गया है। विद्याधर देवांगन प्रभारी अधिकारी आवास, गुमटी, दुकान के अवकाश में होने पर अजय शुक्ला काम देखेंगे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू के अवकाश में होने पर जेपी तिवारी जोन सहायक राजस्व अधिकारी कार्य देखेंगे। जेपी तिवारी जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 2 के अवकाश में होने पर धीरज साहू जोन सहायक राजस्व अधिकारी का कार्य देखेंगे। अनिल मेश्राम जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 3 के अवकाश में होने पर बालकृष्ण नायडू जोन सहायक राजस्व अधिकारी का काम संभालेंगे। बालकृष्ण नायडू जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 4 के अवकाश में होने पर अनिल मिश्रा जोन सहायक राजस्व अधिकारी काम देखेंगे। मलखान सिंह सोरी जोन सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5 के अवकाश में होने पर अनिल मेश्राम जोन सहायक राजस्व अधिकारी काम देखेंगे।

---

# नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने सर्वाधिक क्रूड थ्रूपुट और डिस्टिलेट उत्पाशदन अर्जित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपनी 3.0 मिलियन मीट्रिक टन की निर्धारित क्षमता की तुलना में 3.093 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) का अपना अब तक का सबसे अधिक क्रूड थ्रूपुट (प्रवाह क्षमता) दर्ज करके एक महत्वएपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।**



इसके अलावा, कंपनी ने 87.6 प्रतिशत डिस्टिलेट (आसुत) उत्पोदन भी हासिल किया है जो इस कपंनी का अपनी स्थीपना से लेकर अब तक का सबसे अधिक उत्पासदन है। एनआरएल ने 6,615 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के साथ यह उपलब्धि अर्जित की है, जो अब तक का सबसे अधिक व्यरय है। इसने वित्त वर्ष 2021-22 में अपने 3,605 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यसय के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।
कंपनी का वित्तीय वर्ष 2022-23 अनुकरणीय भौतिक प्रदर्शन के साथ सकारात्मरक रूप से समाप्त हुआ है। इस उपलब्धि से वित्तीय लाभ बढ़ने और मूलभूत वृद्धि होने की उम्मीशद है। इस रिफाइनरी के प्रमुख उत्पादन जैसे- एमएस, एचएसडी और वैक्स में अब तक के सर्वाधिक उत्पा दन आंकड़े प्राप्तभ हुए हैं जो क्रमश: 662.4 एमटी, 2,134.8 एमटी और 47.7 एमटी दर्शाए गए हैं। एलपीजी बॉटलिंग भी अब तक के उच्चु स्तोर 65.9 टीएमटी पर रही है। इस वित्तीय वर्ष का एक अन्य आकर्षण 18 मार्च 2023 को भारत और बांग्लादेश के माननीय प्रधानमंत्रियों द्वारा भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन की सफ्ल शुरुआत और उद्घाटन करना रहा है। 1 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमएमटीपीए) 132 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का निर्माण पश्चिम बंगाल में एनआरएल के सिलीगुड़ी मार्केटिंग टर्मिनल से बांग्लादेश में पारबतीपुर तक हाई स्पीलड डीजल (एचएसडी) के परिवहन के लिए किया गया है।
इस रिफाइनरी की क्षमता 3 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए तक करने के लिए एक प्रमुख क्षमता विस्तार अभियान शुरू किया गया है, जिसमें ओडिशा के पारादीप बंदरगाह में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) आयात टर्मिनल का निर्माण और पारादीप से नुमालीगढ़ तक 1,640 किलोमीटर लंबी क्रूड ऑयल की पाइपलाइन बिछाना भी शामिल है। एनआरएल ने फीनलैंड के सहयोगियों से एक संयुक्तल उद्यम कंपनी के माध्यम से नुमालीगढ़ में फीडस्टॉक के रूप में बांस बायोगैस के साथ अपनी तरह की पहली बायो रिफाइनरी भी स्थामपित कर रही है। इस बायो रिफाइनरी की 2023 के अंत तक चालू होने की उम्मीद है, जो 49,000 टन इथेनॉल और अन्य रसायनों का उत्पादन करेगी और वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण अर्जित करने के राष्ट्र के लक्ष्य0 में योगदान देगी।
केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने अभी हाल में ट्वीट्स में, जैसा कि नीचे दिया गया है, यह स्वीकार किया है कि पूर्वोत्तसर भारत में स्थालपित इस सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ने अनुकरणीय कार्य प्रदर्शन किया है।

---

# नए वित्तीय वर्ष की शुरुवात पर निदेशक प्रभारी ने संयंत्र का दौरा कर भिलाई बिरादरी का बढ़ाया हौसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ इस वित्तीय वर्ष को बिदा किया है। इसके साथ ही भिलाई बिरादरी ने नए वित्त वर्ष 2023-24 में और अधिक श्रेष्ठ निष्पादन करने हेतु कमर कस ली है। संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई बिरादरी को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई देने तथा आगामी वित्त वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ संयंत्र का विस्तृत भ्रमण किया।**



संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता के भ्रमण के दौरान , कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएँ) एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस मुखोपाध्याय , कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेषक (वित्त एवं लेखा) डॉ ए के पंडा , मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (खदान एवं रावघाट), मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. एम रवींद्रनाथ, सहित अन्य उच्च अधिकारीगण मौजूद रहे। निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में इस टीम ने विभिन्न विभागों के कार्मिकों व अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य के लक्ष्य से अवगत कराया।
लोगों से मिलने का यह सिलसिला दोपहर से प्रारंभ होकर देर शाम तक चलता रहा। इस भ्रमण के दौरान निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने यूआरएम, आरएसएम. आरटीएस एंड आरपीडीबी, एमडब्ल्यूआरएम, मर्चेन्ट मिल, बीआरएम, टी एंड डी. कॉस्ट कंट्रोल, आरएमडी, क्वालिटी, एसएमएस-3, पी एंड बीएस, इनवायरमेंट मैनेजमेंट, पीईएम, ब्लास्ट फर्नेस एंड एसजीपी, सीओसीसीडी, एसपी-2 एंड 3, आरएमपी-2 एंड 3, ओएचपी, एसएमएस-2, आरईडी-1 एंड 2, प्लेट मिल, वाटर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ईएमडी, सेफ्टी एंड फायर सर्विसेस, कॉन्ट्रेक्ट सेल, पीपीसी, एमआरडी, इलेक्ट्रिकल, यूटिलिटीस, आई एंड ए, सभी इंजीनियरिंग शॉप्स, प्लांट गैरेज एंड मैकेनिकल ऑर्गनाईजेशन, फाइनेन्स एंड अकाउंट, सी एंड आईटी, पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मटेरियल मैनेजमेंट, ईडीडी एंड इनकॉस, माइन्स, एचआरडी सेंटर, प्रोजेक्ट्स, टाउन सर्विसेस डिपार्टमेंट, मेडिकल का भ्रमण किया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# शराब पीने से मना करने पर बेटे ने मंदिर से त्रिशूल निकाल कर की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव (ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में मामूली बात पर बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। पिता ने अपने बेटे को शराब पीने से मना किया तो उसने मंदिर से त्रिशूल निकाला और शरीर पर कई वार कर दिए। इससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी बेटा मंदिर में छिपा बैठा था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को मंदिर से गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी दुखू राम (61) खेती किसानी का काम करता था। उसका बेटा खेमलाल वर्मा (35) कुछ दिनों पहले की अपने घर पर आया था। वह महाराष्ट्र के नासिक में रहकर काम करता है। वह शराब पीने का आदी है और आए दिन घर पर शराब पीकर ही आया करता है। इसे लेकर पिता के साथ विवाद भी होता था। पिता उसे शराब पीने से मना करता था। रविवार रात को दुखू राम गांव के शीतला मंदिर के पास बैठा हुआ था।

इस दौरान वहां खेमलाल पहुंच गया और अपने पिता से विवाद करने लगा। इस बार भी पिता खेमलाल को शराब पीने से मना कर रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि खेमलाल मंदिर के अंदर गया और त्रिशूल निकाल कर ले आया। यह देख गांववालों ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन वह रूका नहीं। उसने त्रिशूल से अपने पिता पर वार कर दिया। इससे दुखू राम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेजा। वहीं हत्या के बाद बेटा फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी बेटे को मंदिर से ही गिरफ्तार कर लिया।

बीएससी की छात्रा ने की आत्महत्या

## दवाओं का ओवरडोज होने से बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** जिले के विज्ञान विकास केंद्र में सोमवार को बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। सुबह छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्रा ने दवाओं का एक्स्ट्रा डोज ले लिया था जिसके कारण उसकी मौत हो गई। वहीं इस मामले में पद्मनाभपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक आदिवासी छात्रावास से रविवार सुबह 9 बजे पद्मनाभपुर पुलिस को सूचना मिली कि केमलता मंडावी नाम की छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर घटना के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। डॉक्टरों ने बताया कि लड़की ने दवाओं का ओवर डोज ले लिया था जिसके कारण तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हुई।

वहीं इस मामले में हॉस्टल अधीक्षिका ने भी यही बात बताई। इधर मृतका छात्रा की मां ने हॉस्टल प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं। वहीं इस पूरे मामले पुलिस अपनी जांच कर रही है। पुलिस ने हॉस्टल अधीक्षिका सहित सहित परिजनों का बयान लिया है। फिलहाल यह पता नहीं चला है कि छात्रा ने आत्महत्या क्यों की है। पुलिस ने आशंका जताई है कि छात्रा का कोई प्रेम प्रसंग हो सकता है हालांकि यह स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## खास-खबर

### पुलिस की कार्रवाई: 38 मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव (ए)।** खड़गांव इलाके में पुलिस व गौ रक्षकों की टीम ने 38 मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ा। पुलिस ने जंगल के रास्ते भाग रहे एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखाना लेकर जा रहा था। खड़गांव पुलिस ने बताया कि उन्हें शनिवार की रात करीब 9 बजे मवेशी तस्करी की सूचना गौ रक्षकों के माध्यम से मिली। इसके बाद टीम ने ग्राम बिटेझर नाले के पास नाकेबंदी की। जहां ट्रक बालोद मार्ग से आते हुए दिखा।

पुलिस को देख चालक ट्रक पहले ही खड़े कर जंगल के रास्ते से भाग निकला। वहीं उसका दूसरा साथी सलीम खान भी भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस टीम ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### दो बाइक में टक्कर, रेलवे स्टेशन जा रहे दो भाई घायल

**बालोद (ए)।** जिला मुख्यालय से 3 किमी दूर पाररास के पहले पुलिया के पास मुख्य मार्ग पर दो बाइक में टक्कर हो गई। एक बाइक में सवार ग्राम घुमका निवासी युवराज सिंह साहू व उनका चचेरा भाई भागवत साहू घायल हो गया। युवराज ने बताया कि एक अप्रैल को चचेरा भाई भागवत साहू के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन बालोद जा रहे थे। दोपहर 2.20 बजे पाररास के पहले पुलिया के पास पहुंचे थे।

इसी दौरान बालोद की ओर से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे हम दोनों बाइक सहित गिर गए। पैर, कोहनी में चोट लगी है। बालोद थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पोस्टमैन से 1.35 लाख की ठगी करने वाले झारखंड से गिरफ्तार

**राजनांदगांव (ए)।** साल्हेवारा इलाके के ग्राम रामपुर में पोस्टमैन से 1 लाख 35 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को पुलिस टीम ने झारखंड से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमैन भरत लाल को 11 मार्च को आरोपी ने फोन कर खुद को इंडियन पोस्ट बैंक का अफसर बताया। उन्हें डेबिट कार्ड एक्सपायर होने की बात कहते हुए नए डेबिट कार्ड के लिए गोपनीय जानकारी मांग ली। इसके बाद पीड़ित के खाते से 1 लाख 35 हजार रुपए का ऑनलाइन ट्रांजिक्शन कर लिया। मामले की शिकायत के बाद साल्हेवारा पुलिस व साइबर ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर झारखंड के जिला देवधर पहुंचकर आरोपी राहुल कुमार मंडल और राजकुमार उर्फ पोल्टी मंडल को गिरफ्तार किया। आरोपी इस तरह की ठगी के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं।

## भाजपा नेता की हत्या करने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तिल्दा नेवरा क्षेत्र में भाजपा नेता के हत्या के मामने में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को सभी गिरफ्तार आरोपियों का जुलूस निकाला और उठक बैठक कराई। इस दौरान आरोपियों के मुंह से एक ही बात निकल रही थी कि जुर्म करना पाप है, पुलिस हमारा बाप है। आरोपियों क जुलूस का वीडियो भी सामने आया है जिसमें ने उठक बैठक करते और नारा लगाते नजर आ रहे हैं।

बता दें तीन दिन पहले तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के बैकुंट के पास ग्राम कुंदरू में 46 वर्षीय भाजपा नेता जितेंद्र पाल की घर में घुसकर हत्या कर दी थी। जितेन्द्र पाल अपने बेटे आयुष पाल के साथ घर पर था तभी आशु, ईशु, पेंटा, रवि सहित उसके अन्य साथियों ने घर में घुसकर और चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में जितेन्द्र पाल की मौत हो गई और उसक बेटे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में आयुष पाल की हालत गंभीर बनी हुई है।

अब इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकाला और लोगों के सामने उठक बैठक भी कराई। बताया जा रहा है आरोपी रंगदारी वसूल करते थे और भाजपा नेता जितेन्द्र पाल से भी एक लाख रुपए की मांग की थी। नहीं देने पर विवाद की स्थिति बनी और बदमाशों ने इतने बड़े जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया।

पुलिस के शिकंजे में 3 नक्सली

## IED ब्लास्ट और आगजनी में थे शामिल, सर्चिंग में धरे गए



**कांकेर (ए)।** कांकेर जिले में सर्चिंग के दौरान 3 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों पर IED ब्लास्ट, आगजनी, मारपीट जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सलियों के नाम सुमन आंचला, संजय उसेंड और परसराम हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला पुलिस बल और DRG की संयुक्त पार्टी गश्त पर रवाना हुई थी। जवानों की टुकड़ी डुट्टा, जुंगड़ा, चिलपरस, पानीडोबीर इलाके की ओर निकली थी। जवानों की टीम जंगलों के बीच आगे बढ़ रही थी कि 3 संदिग्ध लोग पुलिस जवानों को देख भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पूछताछ में तीनों ने माओवादी संगठन से जुड़कर सक्रिय सदस्य के रूप में काम करना बताया। जांच में तीनों आरोपियों पर नक्सलियों के साथ मिलकर आगजनी, IED विस्फोट, मारपीट जैसे मामले दर्ज होना पाया गया। तीनों आरोपियों पर सड़क निर्माण में लगे वाहनों में आगजनी, मोबाइल टावर में आगजनी, ग्रामीणों से मारपीट, पुलिस पार्टी पर हमला करने जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

### टीसीओसी में बैकफुट पर नक्सली

इस समय नक्सलियों का टीसीओसी का समय चल रहा है, जिसमें नक्सली हमेशा से बड़ी वारदातों को अंजाम देते रहे हैं, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों के द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन और ग्रामीणों से बेहतर तालमेल के कारण नक्सली बैकफुट पर हैं। दो दिन पहले भी पुलिस ने नक्सलियों के पानीडोबिर एलओएस के अध्यक्ष को गिरफ्तार किया था।

## विशेष अभियान चलाकर रायपुर पुलिस ने 114 आरोपियों को भेजा जेल




**रायपुर (ए)।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, अड्डेबाजों सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सोमवार को हुई इस करवाई में अलग-अलग थानों में 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट, 11 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट एवं 92 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर कुल 114 आरोपियों को जेल भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार 3 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर-अपराध अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना के बलों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया।

अभियान के दौरान आज पुलिस टीमों ने थाना कोतवाली से 1, उरला से 2, धरसींवा से 2, अभनपुर से 3 तथा खम्हारडीह से 3 कुल 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी प्रकार थाना गंज से 1, सिविल लाईन से 2, पण्डरी से 2, देवेन्द्र नगर से 1, आजाद चौक से 2, डी.डी.नगर से 1, टिकरापारा से 1 एवं खमतराई से 1 कुल 11 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पर कार्यवाही करने के साथ-साथ कुल 92 गुण्डा-निगरानी बदमाश, असमाजिक तत्वों, अपराधों से संलिप्त व्यक्तियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

## पुराने विवाद के चलते हत्या का का छठवां आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** पुराने विवाद के चलते हत्या के मामले में पुलिस ने छठवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस अब भी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक सुनील पाल ने थाना नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अल्ट्राट्रेक सीमेंट संयंत्र सेंचुरी बैकुंठ गौशाला के मकान में रहता है तथा गौशाला में डेयरी का काम करता है। 31 मार्च को कुंदरू निवासी प्रार्थी के मामा जितेन्द्र पाल का लडका आयुष पाल ने प्रार्थी को फोन कर बताया गया कि ग्राम जलसो के आशु, ईशु ,फेन्टा, रवि एवं उसके अन्य साथीगण कार मोटर सायकल से आये तथा घर में जबरन घुसकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का और चाकू, पत्थर, लाठी, डंडा वगैरह से मारपीट कर चले गये है।

जब प्रार्थी अपने मामा जितेन्द्र पाल के घर कुंदरू गया देखा तो उसके मामा जितेन्द्र पाल घर के हाल में लहु लुहान गिरा पड़े थे। मामाजी होश में थे किन्तु ठीक से बातचीत नही कर पा रहे थे। कुछ दूरी पर हाल में ही आयुष भी लहु लुहान पड़ा था। प्रार्थी के मामाजी जितेन्द्र पाल के पीठ भाग में कई जगह, चेहरा एवं बायें बांह के भुजा के उपर किसी धारदार वस्तु से मारने से चोटे लगी थी। इसी प्रकार आयुष पाल के भी पेट में दो जगह, बायें हाथ की कलाई में, दाहिने पैर जांघ, सिर, पीठ एवं बायें कंधा में किसी धारदार वस्तु से मारने से चोटें लगी थी। प्रार्थी अपने मामा जितेन्द्र पाल एवं भाई आयुष पाल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया कि उपचार के दौरान प्रार्थी के मामा जितेन्द्र पाल की मृत्यु हो गयी। कुछ दिन पूर्व दीपावली के समय आशु, फेन्टा वगैरह के द्वारा प्रार्थी के मामा जितेन्द्र पाल को ठेकेदारी करता है एक लाख रूपये दे देना नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने की जानकारी मामा जितेन्द्र पाल ने प्रार्थी को बताया था।

## 3 महीने में यातायात पुलिस ने काटे 21 हजार से ज्याद चालान

### नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती



**रायपुर (ए)।** एसएसपी प्रशांत कुमार अग्रवाल के निर्देशन में यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाए रखने के लिए कर्तव्य रत हैं। शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में एवं बाजार क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर सुगम व्यवस्था बनाई जा रही है साथ ही प्रमुख चौक चौराहों पर उपस्थित रहकर यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा यातायात संचालन किया जा रहा है। साथ ही दुघटनाओ पर नियंत्रण व रोकथाम के लिए यातायात नियमों के पालन के प्रति जन जागरूकता लाने लगातार स्कूल कॉलेज शैक्षणिक संस्थानों तथा रोड किनारे बसे गांव-देहात में जाकर यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर आईटीएमएस सीसीटीवी कैमरे की सहायता से भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार ई चालान नोटिस जारी की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप बिना किसी बाह्य अवरोध (रैली, जुलूस, प्रदर्शन, घेराव) के शहर में वाहनों का सुगमता पूर्वक आवागमन हो रहा है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सौंदर्यीकरण कार्यो का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अफसरों के साथ विकास कार्यो की प्रगति देखने को सिविल लाइन गौरवपथ में डिवाइडर निर्माण कार्य एव स्टेशन रोड़ पर पौधा रोपण के लिए स्थल निरीक्षण किये और अफसरों को निर्देशित किये। इस दौरान डिवाईडर कार्य सहित अन्य कार्यो की प्रगति रिपोर्ट देखे।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा निर्माण कार्यो में खामियां मिलने पर कार्रवाही की जाएगी।इस दौरान सहायक अभियंता जितेंद्र सैमया, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह के अलावा ठेकेदार मौजूद रहें।उन्होंने शहर के चौक चौराहों में सौंदर्यीकरण एवम स्टेशन रोड ग्रीन चौक के आस पास आकर्षक दिखने वाले पौधे लगाने को कहा।खंबो में लाइटिंग की व्यवस्था भी किया जा रहा है।जिसमे दुर्ग शहर ओर भी सुंदर नजर आने लगेगा।गौरतलब है कि विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल शहर के विकास को लेकर बेहद गंभीर है। उन्होने शहर सौंदर्यीकरण के कई कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके चलते शहर के कई प्रमुख मार्ग अलग ही स्वरूप में नजर आयेंगे, सौंदर्यीकरण को लेकर इसकी विभागीय प्रक्रिया भी जल्दी पूरी की जा रही है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र महिला समाज की वर्ष 2023-25 के लिए नई कार्यकारिणी हुई गठित

**भिलाई।** सेल – भिलाई इस्पात संयंत्र महिला समाज द्वारा आमसभा का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। आमसभा में उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह तथा विशेष रूप से अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणीति मुखोपाध्याय एवं श्रीमति मौली चक्रवर्ती उपस्थित रहे। आरंभ मे श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह ने भिलाई महिला समाज के सदस्यों का स्वागत करते हुए वर्ष 2021-23 की कार्यकारिणी के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। तत्पश्चात उन्होंने अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-25 की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की। इसमें महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सह सचिव सोनाली रथ कोषाध्यक्ष शिखा जैन तथा सह कोषाध्यक्ष दीपन्विता पाल को नियुक्त किया गया।

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने 20 नए वाहनों को हरी झंडी देकर महापौर एवं आयुक्त ने किया रवाना

### स्वच्छ सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी यह वाहने, जीपीएस से है लैस और भी है खासियत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए। एजेंसी अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 20 नए वाहनों की खरीदारी की गई है।**



इन सभी वाहनों को आज निगम मुख्य कार्यालय से महापौर नीरज पाल, निगमायुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू तथा एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर कचरा कलेक्शन किए सभी जोन छेत्रो की ओर रवाना किया।

स्वच्छता की वाहन आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम करेगी। घरों तथा बाजार क्षेत्रों से सूखा कचरा तथा गीला कचरा शत प्रतिशत एकत्र करने के लिए इस वाहन को भिलाई निगम क्षेत्र के लिए लाया गया है। इसके चलते सफाई व्यवस्था में और भी सुधार आने की संभावना बढ़ गई है। नई एजेंसी ने आते ही मास क्लीनिंग पर विशेष जोर दिया है, बहुत पुराने डंप कचरे को भी हटाया जा रहा है, नालियों की सघन सफाई की रही है तथा जीवीपी पॉइंट समाप्त किया जा रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता भी लाई जा रही है। महापौर नीरज पाल ने कहा कि लोगों के इसी प्रकार के सहयोग से भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन आएगा इसके लिए उन्होंने आमजन से अपील भी की है, ताकि भिलाई को सफाई के पहले पायदान पर लाया जा सके। स्वच्छता की इन वाहनों की खासियत यह है कि यह वाहन जीपीएस सिस्टम से लैस है, सभी वाहनों में स्वच्छता संदेश प्रसारित करने के लिए स्पीकर की व्यवस्था है, हेल्पलाइन नंबर तथा व्हाट्सएप नंबर भी कचरा कलेक्शन से संबंधित समस्याओं के लिए दिए गए हैं, घातक कचरे तथा सेनेटरी पैड आदि के लिए अलग से बॉक्स दिया हुआ है तथा इसे खोलने और बंद करने के लिए भी पृथक से सुविधा इस वाहन में मौजूद है।

यह सभी वाहन निगम के चारो जोन में आज से कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम प्रारंभ कर देगी। एजेंसी ने इन वाहनों को खुद के खर्चे पर खरीदा है। वाहनों को रवाना करने के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, महापौर के निज सचिव वसीम खान, अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश शर्मा, कुशल विज, नरेश चौधरी व सचिन तरारे आदि मौजूद रहे।

## नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन: तीन अस्पतालों पर कार्रवाई, हजारों का लगा जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नर्सिंग होम एक्ट के उल्लंघन पर सोमवार को भिलाई शहर में संचालित तीन अस्पतालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा सुपेला नर्सिंग होम, सिन्हा नर्सिंग होम व महिमा हास्पिटल पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान तीनों अस्पतालों में गड़बड़ियां पाई गई। इस पर टीम ने 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

टीम के द्वारा सुपेला नर्सिंग होम इंदिरा नगर कोहका रोड सुपेला भिलाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल संस्थान को नर्सिंग होम एक्ट के तहत प्रदत्त लायसेंस में 08 बिस्तर संचालन करने की अनुमति प्राप्त है। परन्तु नर्सिंग होम एक्ट द्वारा प्रदत्त लायसेंस की अवधि समाप्त होने के उपरांत भी बिना लायसेंस नवीनीकरण के संस्था का संचालन करते हुए पाया गया, जो कि नर्सिंग होम एक्ट नियम 2010- एवं 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन है। नर्सिंग होम एक्ट 2013 में वर्णित अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों के अधीन जो कोई भी अनुज्ञा पत्र के संबंध में बनाये गये प्रावधान का उल्लंघन करता है ,तो 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गय।

**लाइसेंस एक्सपायर होने के बाद भी चल रहा था सिन्हा हॉस्पिटल:** इसी प्रकार सिन्हा हास्पिटल सुपेला चौक भिलाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल संस्थान को नर्सिंग होम एक्ट के तहत प्रदत्त लायसेंस वैधता दिनांक 17 मई 2019, 10 बिस्तर संचालन करने की अनुमति प्राप्त है। परन्तु नर्सिंग होम एक्ट द्वारा प्रदत्त लायसेंस की अवधि समाप्त होने के उपरांत भी बिना लायसेंस नवीनीकरण के संस्था का संचालन करते हुए पाया गया। जो कि नर्सिंग होम एक्ट नियम 2010 एवं 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन है। नर्सिंग होम एक्ट 2013 में वर्णित अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों के अधीन जो कोई भी अनुज्ञा पत्र के संबंध में बनाये गये प्रावधान का उल्लंघन करता है, तो 20 हजार रुपए के जुर्माना लगाया गया।

**20 बिस्तर की अनुमति पर 57 बिस्तर का संचालन :** नर्सिंग होम एक्ट की टीम के द्वारा महिमा हास्पिटल कादम्बरी नगर भिलाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल संस्थान को नर्सिंग होम एक्ट के तहत प्रदत्त लायसेंस वैधता दिनांक 19 अप्रैल 2018 से 18 अप्रैल 2023, 20 बिस्तर संचालन करने की अनुमति प्राप्त है। परन्तु संस्था का संचालन बिना किसी पूर्व अनुमति के 57 बिस्तर संचालन करते हुए पाया गया। जो कि नर्सिंग होम एक्ट नियम 2010 एवं 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन है। नर्सिंग होम एक्ट 2013 में वर्णित बनाये गये किन्हीं नियमों के अधीन जो कोई भी अनुज्ञा पत्र के संबंध में बनाये गये प्रावधान का उल्लंघन करता है।

चेयरमैन अरुण वोरा ने की भंडारगृह निगम की विभागीय समीक्षा

## मध्य भारत के पहले फूड टेस्टिंग लैब के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण


श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने लगातार दूसरे दिन विभागीय कार्यों की समीक्षा की। प्रदेश में उत्पादित धान, चावल एवं अन्य स्कंध के भंडारण क्षमता के साथ ही विभाग से संबंधित सभी मामलों में वोरा ने विस्तार से वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।

विभागीय समीक्षा के पश्चात वोरा ने निगम द्वारा निर्मित किए जा रहे नवा रायपुर में निर्माणाधीन फूड टेस्टिंग लैब के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। वोरा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजधानी में फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना एक बड़ी कामयाबी है।

अब तक खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु हमें मुम्बई अथवा हैदराबाद की लैब पर निर्भर रहना पड़ता था किंतु कांग्रेस सरकार आने के बाद समय , खर्च एवं जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए फूड टेस्टिंग लैब हेतु पहल की गई है, सम्पूर्ण गुणवत्ता एवं समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए जिससे जल्द से जल्द प्रदेश को अपना लैब प्राप्त हो सके। उन्होंने भूमि आबंटन एवं प्रशासनिक स्वीकृति तेजी से करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं खाद्यमंत्री अमरजीत भगत के प्रति आभार जताया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950